दैनिक
टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा से एक साथ प्रकाशित
# बढ़ता राजस्थान
• Since : 2004 //// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ////
वर्ष : 11 | अंक : 287 | टोंक | मंगलवार,02 जुलाई, 2024 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष एकादशी संवत्-2081 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹1.00 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in  badhatarajasthan@yahoo.com  badhatarajasthan.dainik  badtarajasthan

# शिव की तस्वीर दिखाकर राहुल बोले- भाजपा हिंसा कराती है
## पीएम ने कहा- हिंदू समाज को हिंसक कहना गंभीर, शाह बोले- माफी मांगें

## पीएम मोदी के अलावा 5 मंत्रियों ने खड़े होकर टोका

नई दिल्ली (बढ़ता राजस्थान)।

संसद सत्र के छठे दिन नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मोदी सरकार और भाजपा को 20 से ज्यादा मुद्दों पर घेरा। उन्होंने हिन्दू, अग्निवीर, किसान, मणिपुर, नीट, बेरोजगारी, नोटबंदी, त्रस्ज्ञ, स्स्क्क हिंसा, भय, धर्म, अयोध्या, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, अडाणी-अंबानी, प्रधानमंत्री और स्पीकर की चर्चा की।

उन्होंने 90 मिनट के भाषण की शुरुआत संविधान की कॉपी दिखाकर की। भाषण के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष में जमकर तू-तू, मैं-मैं हुई। राहुल ने अग्निवीर, पीएम मोदी के परमात्मा से डायरेक्ट कनेक्शन और किसानों के एमएसपी कानून की बात कही। इस पर पीएम 2 बार, शाह-राजनाथ 3-3 बार, शिवराज चौहान और भूपेंद्र यादव ने एक-एक बार खड़े होकर टोका।

### राहुल के 3 बयान, जिन पर शाह, राजनाथ समेत 3 मंत्रियों ने जवाब दिया

#### 1. बीजेपी डर फैला रही

राहुल ने कहा- हिंदू डर नहीं फैला सकता। बीजेपी डर फैला रही है। अयोध्या से शुरू करता हूं।

राहुल के इतना कहने पर अमित शाह खड़े हुए। कहा, नियम इन पर लागू नहीं होता क्या। ये पूरी बीजेपी को हिंसा फैलाने वाला बता रहे हैं। हाउस ऑर्डर में नहीं है। सदन ऐसे नहीं चलेगा।

#### 2. किसान ने एमएसपी मांगी, आपने कहा- नहीं मिलेगी

राहुल गांधी ने कहा, किसानों ने ये कहा कि 16 लाख करोड़ उद्योगपतियों का कर्जा माफ हो सकता है तो हमारा भी थोड़ा सा कर दीजिए. किसान ने एमएसपी मांगी। आपने कहा क्या। आपने कहा कि आपको ये नहीं मिलेगी।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान बोले- ये गलत बयानी कर रहे हैं। एमएसपी पर खरीद जारी है। उनकी सरकार थी तब बताएं कि एमएसपी पर कितनी खरीद होती थी। ये सत्यापित करें कि एमएसपी पर खरीद नहीं हो रही। राहुल गांधी ने कहा कि एमएसपी विथ लीगल गारंटी सर, नॉट जस्ट एमएसपी।

#### 3.अग्निवीर पीएम का ब्रेन चाइल्ड

राहुल ने कहा, पूरा देश जानता है कि ये सेना की स्कीम है। सेना जानती है कि ये स्कीम सेना की नहीं, पीएम का ब्रेन चाइल्ड है।

राजनाथ सिंह ने आपत्ति जताई। कहा कि ये गलत बयानबाजी कर रहे हैं। राहुल के बयान को एक्सपंज करने की मांग की।

तब राहुल बोले इनको अच्छी लगती है, रखिए। हमारी सरकार आएगी हम हटा देंगे। अग्निवीर जवानों के खिलाफ, सेना के खिलाफ है। राजनाथ सिंह ने राहुल को गलत बयानी करके सदन को गुमराह नहीं करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सरहद पर अगर कोई अग्निवीर शहीद हो जाता है, तो उसे एक करोड़ रुपए मिलता है। राहुल गांधी ने कहा कि सच्चाई क्या है, ये अग्निवीर जानता है।



### राजनाथ ने राहुल को टोका, कहा- अग्निवीर जब शहीद होता है तो 1 करोड़ की सहायता दी जाती है

राहुल ने कहा- आप अग्निवीर को 6 महीने की ट्रेनिंग देते हो, दूसरी तरफ चाइना के जवान को 5 साल ट्रेनिंग मिलती है। जवानों के बीच फूट डालते है और अपने आप को देशभक्त कहते हो। ये कैसी देशभक्ति है। इस पर राजनाथ सिंह ने कहा- गलत बयानी करके सदन को गुमराह करा जा रहा है। अग्निवीर जब शहीद होता है तो उसके परिवार को 1 करोड़ की सहायता दी जाती है।

### पीएम मोदी ने कहा विपक्ष के नेता को गंभीरता से लेना संविधान ने मुझे सिखाया

लोकसभा संसद के पहला सत्र का छठा दिन है। उच्च और निम्न दोनों सदनों की कार्यवाही 11 बजे से शुरू होगी। सत्र के केवल तीन दिन बाकी है। नीट पेपर लीक के मुद्दे पर विपक्ष लगातार हंगामा कर रहा है। और बीजेपी नेतृत्व वाली एनडीए सरकार को घेरने की कोशिश में है। पेपर लीक गड़बड़ परीक्षा और धांधली के चलते दोनों सदनों में आज फिर हंगामे होने के आसार हैं।

कांग्रेस सांसद बी मनिकम टैगोर ने लोकसभा में नीट के मुद्दे पर चर्चा की मांग करने के लिए नोटिस दिया है। शुक्रवार को संसद में नीट पेपर लीक पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव रखा गया। आपको बता दें राज्यसभा में कांग्रेस सांसद नासीर हुसैन और आईयूएमएल सांसद अब्दुल वाहेब ने नीट पेपर लीक पर चर्चा के लिए सदन में स्थगन प्रस्ताव रखा। सभापति ने 22 सांसदों के नोटिस को खारिज कर दिया।

इससे पहले बता दें लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान शुक्रवार को राहुल गांधी का उस समय माइक बंद कर दिया, जब वो नीट मामले पर बोल रहे थे। विपक्ष के नेताओं ने सत्तारूढ़ पर आवाज दबाने का आरोप लगाया। इसे लेकर कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने केंद्र की मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि राहुल को एक मिनट भी नहीं बोलने दिया गया। नेता विपक्ष का माइक बंद करना शर्मनाक है। इससे पहले राज्यसभा में खड़गे नीट मुद्दा को लेकर वेल तक पहुंच गए थे। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने चर्चा में प्रधानमंत्री मोदी के शामिल होने की मांग की। आपको बता दें 24 जून से शुरू हुआ संसद का यह सत्र 3 जुलाई को खत्म हो जाएगा। लोकसभा में पीएम मोदी कल और राज्यसभा में परसो यानी 3 जुलाई को चर्चा का जवाब दे सकते हैं।



### राहुल ने स्पीकर से कहा- आपको मोदीजी से झुककर हाथ नहीं मिलाना चाहिए

राहुल ने कहा, मैंने आपसे (ओम बिरला) हाथ मिलाया तो आप सीधे खड़े रहे, जब मोदी जी ने आपसे हाथ मिलाया तो आपने झुककर हाथ मिलाया। स्पीकर ने कहा, मेरी संस्कृति और संस्कार में सिखाया गया है कि जो हमसे बड़े हैं, उनसे झुक कर मिलो और जो छोटे हैं उनसे बराबरी से मिलो। राहुल गांधी ने कहा, स्पीकर सबसे बड़ा है, हम सबको स्पीकर से झुककर बात करनी चाहिए। आप इस हाउस के लीडर हैं।

आपको किसी के सामने नहीं झुकना चाहिए। राहुल गांधी, मैंने एक भाषण दिया है, जिस पर बार-बार बाधा उत्पन्न की गई। हम सब किसी चीज का खड़े होकर विरोध करते हैं तो वो सत्य है, अहिंसा है, साहस है।

### राहुल का नीट पर आरोप- इस एग्जाम को कॉमर्शियल बना दिया

राहुल गांधी ने कहा, आपने हर व्यक्ति के लिए डर का पैकेज दिया। रोजगार तो आपने खत्म कर दिया। अब नया फैशन निकला है नीट। एक प्रोफेशनल स्कीम को आपने कॉमर्शियल स्कीम में तब्दील कर दिया। गरीब मेडिकल कॉलेज नहीं जा सकता। पूरा का पूरा एग्जाम अमीर बच्चों के लिए बनाया है। हजारों करोड़ रुपए बन रहे हैं और कॉमर्शियल पेपर आपने जो बना रखे हैं, 7 साल में 70 पेपर लीक हुए हैं। प्रेसिडेंट एड्रेस में न पेपर लीक की बात होगी न अग्निवीर की बात होगी। हमने एक दिन के डिस्कशन की मांग की, सरकार ने बोला - नहीं, नहीं हो सकता।

### राहुल बोले- किसान कानून अडाणी, अंबानी के लिए लाए गए

राहुल गांधी, किसानों को मुआवजा दिलाने के लिए बनाया बिल इन्होंने रद्द किया। किसानों को डराने के लिए तीन कानून लाए। सच्चाई यह है कि यह अडाणी, अंबानी के लिए लाए गए। आप उनको कहते हो यह सब आतंकवादी हैं। यह झूठ नहीं है, सच है। अमित शाह- ये कैसे स्टेटमेंट है कि किसान आतंकवादी है राहुल बोले- 700 किसान शहीद हुए, हमने कहा- किसानों को लिए मौन होना चाहिए, आपने कहा- यह किसान नहीं है, मौन नहीं होना चाहिए। आपने कहा यह आतंकवादी हैं।

## कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 30 रुपए सस्ता



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** पेट्रोलियम कंपनियों ने सोमवार को पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की कीमतों का रिव्यू करने के बाद एलपीजी की कीमतों में कटौती की है। इस कटौती का फायदा केवल कॉमर्शियल रसोई गैस उपभोक्ताओं को ही मिलेगा, घरेलू उपयोग वाले उपभोक्ताओं को कीमतों में कमी का कोई फायदा नहीं मिलेगा। इस साल में ये लगातार चौथा महीना है जब कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में कमी की है। चार माह के दौरान 150 रुपए तक की कमी की गई है। कंपनियों ने सोमवार से राजस्थान में 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर पर 30 रुपए कम किए है। इस कटौती के बाद कॉमर्शियल गैस सिलेंडर बाजार में 1698 से बजाए 1668 रुपए में मिलेगा। इससे पहले जून में कंपनियों ने 69.50 रुपए, मई में 19 रुपए और अप्रैल में 31.50 रुपए की कटौती की थी। वहीं मार्च में 26 रुपए और फरवरी 13.50 रुपए प्रति सिलेंडर का इजाफा किया था।

### घरेलू कीमतों में कोई बदलाव नहीं

कंपनियों ने घरेलू उपयोग के सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। वर्तमान में बाजार में घरेलू उपयोग का सिलेंडर 806.50 रुपए में ही मिलेगा। बता दें कि राजस्थान में तीनों तेल गैस कंपनियों के 1 करोड़ 75 लाख 48 हजार से ज्यादा उपभोक्ता हैं। अगस्त 2023 में केंद्र सरकार ने खुद के स्तर पर घरेलू गैस सिलेंडर पर 200 रुपए कम किए थे।

## सरस दूध के दाम एक से 2 रु बढ़ेंगे

**जयपुर।** सरस दूध के दाम एक से 2 रुपए बढ़ेंगे। इसके संकेत जयपुर डेयरी के अध्यक्ष ओम प्रकाश पूनिया ने दिए हैं। उन्होंने कहा- दूध का रेट बढ़ाना जरूरी है। सरकार को फैट प्राइस बढ़ाना चाहिए ताकि दूध उत्पादकों को लाभ मिल सके। इससे सरकार पर कोई बोझ नहीं आएगा। हम कीमत इतनी नहीं बढ़ाएंगे कि ग्राहकों पर बोझ पड़े।

**6 मिल्क प्रोडक्ट लॉन्च किए**-सोमवार को सरस डेयरी की ओर से सोमवार को 6 मिल्क प्रोडक्ट लॉन्च किए गए। इसमें गाय का दूध (56 रुपए/लीटर), तड़का छाछ 250 मिली. (15 रुपए), पुदीना छाछ 250 मिली. (15 रुपए), स्ट्रॉबरी आइसक्रीम कप 90 मिली. (15 रुपए), वनीला शुगर फ्री आइसक्रीम कप 90 मिली. (25 रुपए) और अमेरिकन नट्स आइसक्रीम कप 90 मिली. (25 रुपए) शामिल हैं।

**जनवरी 2023 में बढ़े थे दाम**-गहलोत सरकार के समय जयपुर डेयरी में आखिरी बार दाम जनवरी 2023 में बढ़े थे। उसके बाद से दूध के दामों में बढ़ोतरी नहीं की गई। हालांकि मार्च में दामों में जब बढ़ोतरी की गई, तब उसे राजनैतिक विरोध के चलते वापस ले लिया था।

## करौली में बोलेरो और ट्रक की भिड़ंत, 9 की मौत : 4 घायल

बढ़ता राजस्थान

**करौली।** राजस्थान के करौली में बोलेरो और ट्रक की भिड़ंत में 2 बच्चों व 6 महिलाओं समेत 9 लोगों की मौत हो गई। बोलेरो सवार 4 लोग घायल हैं। हादसा सोमवार शाम करीब 5 बजे करौली-मंडरायल मार्ग स्थित डूंडापुरा मोड़ के पास हुआ। एसपी ब्रजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया- करौली-मंडरायल मार्ग स्थित डूंडापुरा मोड़ के पास तेज रफ्तार कार और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। दोनों वाहनों के टकराने की आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वाहन के अनियंत्रित होने से हादसा हुआ है। पुलिस ने सभी घायलों को करौली जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने 9 लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, 4 घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। इनमें से गंभीर घायल होने पर एक महिला का जयपुर के एसएमएस अस्पताल रेफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही कलेक्टर नीलाभ सक्सेना दुर्घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने राहत और बचाव कार्यों की जानकारी ली। वहीं, एडीएम राजवीर चौधरी हॉस्पिटल पहुंचे और घायलों के हालचाल जाने।



**8 लोगों की मौके पर ही हो गई थी मौत**

करौली जिला अस्पताल के पीएमओ डॉक्टर रामकेश मीणा ने बताया- हमें कलेक्टर और एडीएम से हादसे की सूचना मिली थी। अस्पताल में 13 लोग लाए गए थे। इनमें से आठ लोगों की मौत हो चुकी थी। वहीं, एक की गर्दन टेडी थी और हेड इंजरी थी। इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। चार लोगों का अभी इलाज चल रहा है। इनमें एक महिला की हालत गंभीर है।

## 3 नए आपराधिक कानून लागू : गृह मंत्री शाह बोले- अब दंड की जगह न्याय मिलेगा; 77 साल बाद न्याय व्यवस्था स्वदेशी हुई

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** देश में अंग्रेजों के जमाने से चल रहे कानूनों की जगह 3 नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1 जुलाई से लागू हो गए हैं। इन्हें आईपीसी (1860), सीआरपीसी (1973) और एविडेंस एक्ट (1872) की जगह लाया गया है। कानूनों के लागू होने के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने मीडिया को इन कानूनों की जानकारी दी। शाह ने कहा कि आजादी के 77 साल बाद क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम अब पूरी तरह से स्वदेशी हो गया है। शाह बोले- अब दंड की जगह न्याय मिलेगा। मामलों में देरी की जगह स्पीडी ट्रायल होगा। साथ ही सबसे आधुनिक क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम बनेगा।

### 22.5 लाख पुलिसकर्मियों को 12 हजार मास्टर ट्रेनर ने ट्रेनिंग दी

गृहमंत्री के मुताबिक देशभर में 22 .5 लाख से ज्यादा पुलिसकर्मियों को नए क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम की ट्रेनिंग 12 हजार से ज्यादा मास्टर ट्रेनर्स ने दी है। लोकसभा में 9 .29 घंटे चर्चा हुई, उसमें 34 सदस्यों ने भाग लिया। राज्यसभा में 6 घंटे से ज्यादा चर्चा हुई। इसमें 40 सदस्यों ने भाग लिया। शाह ने कहा कि यह भी झूठा कहा जा रहा है कि विधेयक को सांसदों को बाहर भेजे जाने (निलंबित किए जाने) के बाद लाया गया। विधेयक को पहले ही कार्य मंत्रणा समिति के पास भेजा जा चुका था।




### शाह बोले- ग्वालियर में दर्ज हुआ पहला केस

इन कानूनों के लागू होने के साथ ही देश में सबसे पहला केस ग्वालियर में दर्ज हुआ। इस बात की जानकारी शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने कहा यह एफआईआर मोटर साइकिल चोरी की थी। जिसे 12 .10 मिनट पर दर्ज किया गया था। हालांकि इससे पहले कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया था कि नए कानूनों के तहत पहली एफआईआर दिल्ली के कमलापार्क थाने में रेहड़ी वाले के खिलाफ और भोपाल के हनुमानगंज थाने में दर्ज की गईं।



## सम्पादकीय

# बदलता भारत बदलती व्यवस्थाएं

आजादी के पिचहत्तर साल बाद देश अब बदलता दिखाई दे रहा है। जी हां गुलामी के प्रतीक कई कानूनों को खत्म कर दिया गया है। नई विधि संहिता लागू कर दी गई है। धाराएं बदल गई हैं। हत्या के लिए अब धारा 302 नहीं, भारतीय न्याय संहिता की धारा-103 लगेगी। अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे कानून बरसो बाद खत्म हो गए हैं। अगर 5000 से कम की चोरी करते पकड़े गए तो कोर्ट गली-मोहल्ले में झाड़ू लगाने की सजा भी सुना सकती है। कानून में नए बदलावों से आमजन को बड़ा फायदा भी होगा। मोबाइल, वॉट्सऐप और ई-मेल पर ई-एफआईआर दर्ज हो सकेगी। इसके साथ ही कई बड़े बदलाव हैं, जो एक जुलाई से लागू हो रहे हैं। नए अधिनियम भारतीय न्याय संहिता 2023 में 20 अध्याय और 358 धाराएं बनाई गई हैं। भारतीय दंड सहिता 1860 में 23 अध्याय और 511 धाराएं थीं। भारतीय न्याय संहिता 2023 को 1 जुलाई से ही लागू कर दिया गया है।


अब देश में चली आ रही 163 वर्ष पुरानी आईपीसी पूरी तरह से खत्म हो चुकी है। यदि 5 या 5 से अधिक लोगों का समूह मिलकर जाति, मूल वंश या समुदाय, जन्म स्थान और भाषा को लेकर हत्या करते हैं, हैं तो मॉब लिचिंग कहा जाता है। ऐसे में उन सभी दोषियों को आजीवन कारावास या फिर फांसी की सजा के साथ-साथ जुर्माने का प्रावधान भी किया गया है। इसी प्रकार धारा 420 की जगह भारतीय न्याय संहिता के तहत 318- ए,बी,सी,डी में धोखाधड़ी या ठगी किए जाने पर मुकदमा दर्ज होगा। दोषी पाए जाने पर 3 साल से लेकर 7 साल की सजा का प्रावधान रहेगा। किसी की जगह पर पहचान बदल कर अगर धोखाधड़ी की जाती है तो 319 के तहत मुकदमा दर्ज होग। इसमें सजा को 3 साल से बढ़ाकर 5 साल किया गया है। 18 वर्ष से अधिक उम्र की युवतियों व महिलाओं से यौन अपराधों के मामलों को धारा 63 से लेकर 73 तक रखा गया है। रेप किए जाने पर 64 के तहत मुकदमा दर्ज होग। महिलाओं के विरुद्ध बल प्रयोग, हमला, छेड़छाड़ जैसे मामलों को धारा 74 से लेकर 79 के तहत रखा गया है। रेप जैसे मामलों में अब कठोर कारावास 10 साल से कम नहीं होगा।

आजीवन कारावास तक दिया जा सकता है। इसमें सजा को बढ़ा दिया गया है। नाबालिग बच्चियों के साथ होने वाले यौन अपराधों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पहले की तरह से ही पॉक्सो एक्ट में ही दर्ज किए जाएंगे। दहेज प्रताड़ना किए जाने पर और विवाहिता का सामान नहीं लौटाने की परिस्थिति में धारा-85 के तहत 3 साल की सजा रखी गई है। जबकि दहेज हत्या जैसे मामलों में धारा 80 और 80(2) में न्यूनतम सजा 7 साल होगी। इसको आजीवन कारावास तक बढ़ाया जा सकता है। वहीं स्त्रीधन नहीं लौटाने पर अब 316 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच होगी। कानूनों में बदलाव बहुत जरूरी था। नई विधि संहिता लागू होने से कानून की किताब भी कुछ छोटी हो जाएगी क्योंकि ऐसे कानून जो वर्तमान समय में प्रासंगिक नहीं रहे हैं, उनको खत्म किया जा चुका है।

# भारत में शारीरिक निष्क्रियता का बढ़ना चिन्ताजनक

**लैंसेट ग्लोबल हेल्थ रिपोर्ट के अनुसार, भारत की आधी वयस्क आबादी विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के शारीरिक गतिविधि संबंधी मानदंडों को पूरा नहीं कर रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के वयस्कों में अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता का पैमाना 2000 में 22.3 फीसदी से बढ़कर 2022 में 49.4 फीसदी हो गई है, साथ ही इसमें बताया गया है कि देश में महिलाएं पुरुषों की तुलना में ज्यादा शारीरिक रूप से ज्यादा निक्रिय हुई हैं। इस निक्रियता, आलसीपन एवं उदासीनता का कारण बढ़ते उपभोक्तावाद एवं शहरीकरण से उपजी सुविधावादी एवं आरामदायक जीवनशैली है। इसके कारण बीमारियां भी बढ़ रही है। क्योंकि जब व्यक्ति को सुस्त, निढ़ाल एवं निस्तेज देखा जाता है तो इसका सीधा अर्थ यही लगाया जाता है कि शायद उसकी तबीयत ठीक नहीं है। विडम्बना यह भी है कि समय के साथ विस्तृत होने दायरे के बीच ज्यादातर लोगों की व्यस्तता तो बढ़ी है, मगर उनकी शारीरिक सक्रियता, उत्साह एवं जोश में तेजी से कमी आई है, जो नये बनते भारत एवं सशक्त भारत के निर्माण के संकल्प के सामने एक बड़ी चुनौती है।**

ललित गर्ग



भारत में बढ़ती शारीरिक अकर्मण्यता एवं आलसीपन एक समस्या के रूप में सामने आ रहा है, लोगों की सक्रियता एवं क्रियाशीलता में कमी आना एवं वयस्कों में शारीरिक निष्क्रियता का बढ़ना चिन्ता का सबब है। इस दृष्टि से प्रतिष्ठित लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की वह हालिया रिपोर्ट आईना दिखाने वाली है जिसमें पचास फीसदी भारतीयों के शारीरिक श्रम न करने का उल्लेख है। महिलाओं की स्थिति ज्यादा चिंता बढ़ाने वाली है। उनकी निष्क्रियता का प्रतिशत 57 है। वैसे अकेले पुरुषों की निष्क्रियता का प्रतिशत 42 है। इस अध्ययन में यह अनुमान लगाया गया है कि अगर वर्तमान में तेजी से पसर रहा आलसीपन एवं शारीरिक निष्क्रियता इसी तरह जारी रहा तो 2030 तक भारत में अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता वाले वयस्कों की संख्या बढ़कर साठ प्रतिशत तक पहुंच जायेगी, जो चिन्ताजनक है।भविष्य के भारत को लेकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश की साठ प्रतिशत आबादी अगर शारीरिक रूप से पर्याप्त सक्रिय नहीं रहे तो आने वाले वक्त में यहां की आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक रूप से कैसी तस्वीर बनेगी। जिस देश की अधिकांश आबादी के सामने रोजी-रोटी की समस्या जटिल एवं अहम है, वहां के लोगों को जीवन चलाने के लिये शारीरिक रूप से जरूरत से ज्यादा सक्रिय रहते हुए श्रम करना पड़ता है। इन स्थितियों में बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि भारत में ऐसे हालात कैसे पैदा हो रहे हैं कि यहां इतनी बड़ी आबादी सुस्त एवं आलसी होती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित शोधकर्ताओं का मानना है कि भारत एशिया प्रशांत में उच्च आय वर्ग वाले देशों में निष्क्रियता के क्रम में दूसरे स्थान पर है।

निस्संदेह, लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की हालिया रिपोर्ट आंख खोलने वाली है, रिपोर्ट गंभीर चिन्तन-मंथन की आवश्यकता को भी उजागर कर रही है।। यह जानते हुए भी कि भारत लगातार मधुमेह और हृदय रोग जैसी बीमारियों में जकड़ता हुआ बीमार राष्ट्र बनता जा रहा है। इन असाध्य बीमारियों का कारण कहीं-न-कहीं श्रम की कमी एवं सुविधावादी जीवनशैली ही है। दरअसल, आजादी के बाद देश में आर्थिक विकास को गति मिली है। अब हम दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। औसत भारतीय के जीवन स्तर में सुधार जरूर आया है तो आम नागरिक का जीवन सुविधावादी भी बना है। इस संकट की वजह शहरीकरण और जीवन के लिये जरूरी सुविधाओं का घर के आस-पास उपलब्ध हो जाना भी है, आनलाइन प्रचलन भी बड़ा कारण बन रहा है। पहले देश की साठ फीसदी से अधिक आबादी कृषि व उससे जुड़े श्रमसाध्य कार्यों में सक्रिय थी। लेकिन अब मेहनतकश किसान को कोई शारीरिक श्रम करने की जरूरत नहीं पड़ती है, कृषि की ही तरह अन्य श्रम से जुड़े कार्यों में भी मेहनत एवं श्रम पहले ही तुलना में कम करना पड़ता है क्योंकि धीरे-धीरे कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में आधुनिक यंत्रों व तकनीकों ने शारीरिक श्रम की महत्ता को कम किया है। कृषि-क्रांति से बड़ी संख्या में निकले लोगों ने शहरों को अपना ठिकाना बनाया, लेकिन वे शारीरिक सक्रियता को बरकरार नहीं रख पाये। इन स्थितियों ने भी व्यक्ति को आलसी, अकर्मण्य एवं सुस्त बनाया है। इस शारीरिक निष्क्रियता के मूल में भारतीय पारिवारिक संरचना व सांस्कृतिक कारण भी हैं। घर-परिवार संभालने वाली महिलाओं में भी बढ़ते सुविधा के साधनों के कारण श्रमशीलता कम हुई है। कुछ दूर पर सब्जी-फल लेने जाने पर भी हम वाहनों का इस्तेमाल करते हैं। ऐसा भी नहीं है कि शहरों में स्वास्थ्य चेतना का विकास नहीं हुआ, लेकिन इसके बावजूद शहरों के पार्कों में सुबह गिने-चुने लोग ही नजर आते हैं। व्यक्तियों में प्रातः भ्रमण, योग, ध्यान, व्यायाम की गतिविधियों में भी कमी देखने को मिल रही है।

इस जटिल से जटिलतर होती समस्या से मुक्ति के लिये हर व्यक्ति को जागरूक होना होगा। खुद को छोटी-मोटी असुविधाओं के लिए तैयार करना होगा। कभी-कभार थोड़ा कम नींद लेने, कम खाने या फिर ज्यादा देर काम कर लेने की मानसिकता को बल देना होगा। जरा सी चुनौती सामने आने पर बेचैन न हों, उसे नया सीखने के मौके व नए अनुभव के रूप में देखना होगा। अक्सर जब कुछ नया करने के लिए कदम बढ़ाते हैं, तो पुरानी आदतें एवं आराम की मानसिकता तुरंत परीक्षा लेने आ जाती हैं। हमें ललचाती हैं या फिर खुद को थोड़ा ढील देने के लिए कहती हैं। मन भी खुद को बड़ी आसानी से समझाने लगता है कि कुछ देर और सो जाने, और मीठा खा लेने, फोन पर बात करने या काम को कल पर टालने से कुछ गड़बड नहीं होगा। कुल मिलाकर हम मन के बहकावे में आने लगते हैं और खुद को छूट देने लगते हैं जो हमें सुस्त, आलसी एवं निस्तेज बनाता है। विचित्र स्थिति यह भी है कि लोगों में व्यस्तता में एक अजीब किस्म की बढ़ोतरी हुई, जीवन व्यस्त से ज्यादा अस्त-व्यस्त हुआ है। जरूरी कामों को छोड़कर तमाम लोग रोजाना पांच से सात घंटे या इससे भी ज्यादा समय अपने स्मार्टफोन या अन्य तकनीकी संसाधनों, सोशल मीडिया एवं अन्य आभासी मंचों पर समय बर्बाद करते हैं। कोरोना महामारी के दौरान वर्क फरोम हॉम का प्रचलन बढ़ा, उसने भी लोगों को ज्यादा शिथिल होने में भूमिका निभाई है। देर राज तक जगना एवं सुबह देर तक सोना, इस तरह बिगड़ती दिनचर्या एवं शरीर की प्राकृतिक घड़ी का चक्र बिगड़ने से दिन भर आलस्य बना रहता है। ताजा अध्ययन में पता चला कि 195 देशों में भारत अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता के मामले में 12वें स्थान पर है। इसके अलावा, लैंसेट की रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर एक तिहाई वयस्क लगभग 1.8 बिलियन लोग 2022 में अनुशंसित शारीरिक सक्रियता को पूरा करने में विफल रहे। जिसके कारण मधुमेह एवं हृदय रोग का खतरा मंडरा रहा है। भारत, पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे देशों में महिलाओं में अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि चिंता का विषय बनी हुई है। क्योंकि वे पुरुषों की तुलना में 14-20 फीसदी से अधिक पीछे हैं। अध्ययन के अनुसार, बांग्लादेश, भूटान और नेपाल जैसे पड़ोसी देशों में महिलाएं अधिक सक्रिय हैं। भारत में बढ़ती शारीरिक निष्क्रियता, आलसीपन एवं सुस्ती को दूर करने के लिये समग्र जन-चेतना को जगाना होगा। सरकार को भी शारीरिक श्रम की योजनाओं को बल देना होगा। शारीरिक सक्रियता में कमी की वजहों और नतीजों पर अगर गौर नहीं किया गया तो इन सबका समुच्चय आखिर व्यक्ति को विचार, कर्म, शरीर से कमजोर ही नहीं बल्कि बीमार बनायेगा, जो आजादी के अमृतकाल को धुंधलाने का बड़ा कारण बन सकता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किन बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी।

**वृष**
मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी।

**मिथुन**
दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

**कर्क**
आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

**सिंह**
स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे।

**कन्या**
व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी।

**तुला**
सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक**
अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है।

**धनु**
आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

**मकर**
आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

**कुंभ**
किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है।

**मीन**
मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी। स्नेहीजनों के साथ घनिष्ठता बढ़ेगी।

## शख्सियत

नमस्कार दोस्तों हमारी आज की शख्सियत के सुपरस्टार हैं राजस्थान की शान भारतीय पुलिस सेवा के नौजवान और ऊर्जावान अधिकारी मृदुल कच्छावा। 30 अगस्त सन 1989 में जयपुर में जन्मे मृदुल शुरू सही ऊर्जावान और ओजस्वी युवा रहे है। सीए ईएस मास्टर ऑफ़ इंटरनेशनल बिजनेस बीकॉम की पढ़ाई के बाद उन्होंने सिविल सर्विसेज ज्वाइन की। इस दौरान वह अंडर ट्रेनिंग हैदर हैदराबाद में 2016 में रहे । इसके बाद असिस्टेंट सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस भीलवाड़ा रहे ,उसके बाद असिस्टेंट सुपरीटेंडेंट आफ पुलिस श्रीगंगानगर रहे । सर्किल ऑफिसर श्रीगंगानगर ग्रामीण रहे उसके बाद एसपी एंटी करप्शन ब्यूरो में अजमेर रहे। इसके बाद पुलिस अधीक्षक धौलपुर रहे, पुलिस अधीक्षक करौली रहे, डीसीपी जयपुर सिटी कमिश्नरेट रहे इसके बाद जिला पुलिस अधीक्षक झुंझुनू के पद को सुशोभित किया और आज भरतपुर जिले के पुलिस अधीक्षक पद पर जनता को अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मृदुल कछावा को एक बेहतरीन आईपीएस के रूप में जाना जाता है। अपनी पूरी पुलिस टीम का हौसला अफजाई करना और अपराधियों में ख़ौफ़ पैदा करना इनका मुख्य उद्देश्य है। ये जहां भी रहे वहां आपराधिक आंकड़ों में काफी गिरावट दर्ज की गई। जयपुर डीसीपी रहते हुए उन्होंने कई नवाचार किया जब यह करौली एसपी थे 2020 में तब इन्होंने विभिन्न नवाचार चला कर जहां पुलिस कर्मियों का इकबाल बुलंद किया वहीं अपराधियों के लिए खौफ पैदा किया। मृदुल कच्छावा को घुड़सवारी का बहुत शौक है बहुत डायनेमिक और हीरो स्टाइल में पुलिसिंग करने का जज्बा होने के कारण इन्होंने अपनी एक अलग पहचान बना रखी है। मृदुल बहुत स्वभाव से हंसमुख और सरल हृदय व्यक्तित्व हैं हमेशा अपनी टीम का हौसला बढ़ाने और हमेशा अपनी पुलिस टीम का ख्याल रखते हैं। ये जहां भी रहे वहां पुलिसकर्मियों ने इन्हें पूरा सम्मान दिया। सच बात है आज तनाव भरी नौकरी में हंसमुख और पुलिस टीम को तनाव मुक्त रखने वाले अधिकारियों में कुछ ही अधिकारी हैं जो पुलिस टीम का हौसला बढ़ाते हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।



मृदुल कछावा
आईपीएस ( एसपी भरतपुर )

**जय हिंद**

## आज का इतिहास

### 2 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- अलाउद्दीन खिलजी ने सिवाणा पर जब 2 जुलाई, 1306 में आक्रमण किया, तब यह दुर्ग कान्हड़देव के भतीजे चौहान सरदार शीतलदेव के अधिकार में था।
- ब्रिटेन के थॉमस सेवरी ने 1698 में पहले व्यवसायिक स्टीम इंजन का पेटेंट हासिल किया।
- बंगाल के अंतिम नवाब सिराज उद्दौला की उनकी शरण में रह रहे एक व्यक्ति मोहम्मद बेग ने 1757 में निर्ममतापूर्ण हत्या की।
- अमेरिका के वोरमोंट शहर में 1777 को दास प्रथा की समाप्ति हुई।
- मैसूर के सुल्तान हैदर अली और अंग्रेज सेना में पोर्टो नोवो (अब परांगीपेट्टई) का युद्ध 1781 में हुआ।
- कलकत्ता उच्च न्यायालय का उद्घाटन 1862 में हुआ।
- इतालवी वैज्ञानिक मार्कोनी ने लंदन में रेडियो का पैटेंट 1897 में कराया।
- ब्रिटिश सरकार ने सुभाषचन्द्र बोस को 2 जुलाई, 1940 ई। को विद्रोह भड़काने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।
- पहला वॉलमार्ट स्टोर कारोबार के लिए रोजर 1962 को अर्कंसास में खोला गया।
- फ्रांस ने 1966 में मुरूरोआ, प्रशांत महासागर में परमाणु परीक्षण किया।
- प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो ने 1972 में शिमला समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- वियतनाम गणराज्य का अंत 1976 में हुआ।
- साम्यवादी उत्तरी वियतनाम ने 1976 में समाजवादी वियतनाम गणराज्य के साथ जुड़ने की घोषणा की।
- स्वदेश निर्मित परमाणु बिजली केंद्र की पहली इकाई ने 1983 में मद्रास के निकट कलपक्कम में काम करना शुरू किया।
- आंद्रेई ग्रोमिको सोवियत संघ के राष्ट्रपति 1985 में निर्वाचित हुए।
- सउदी अरब में 1990 को मक्का से मीना की ओर जाने वाली सुरंग में भगदड़ मचने से 1,426 हज यात्रियों की मौत हो गई थी।
- फास्ट एंड फ्यूरियस सीरिज की पहली फिल्म 2001 में रिलीज हुई थी।
- स्टीव फोसेट गुब्बारे के जरिए दुनिया का भ्रमण करने वाले पहले व्यक्ति 2002 में बने।
- भारत और पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने 2004 को जकार्ता में आपसी बातचीत की।
- इंग्लैंड फुटबाल टीम के कप्तान डेविड बेखम ने 2006 में अपना पद छोड़ा।
- कांगो में 2010 को टैंकर ट्रक विस्फोट में 230 लोगों की मौत हो गई।
- फिलीपींस में 2015 को 220 यात्रियों से भरी नौका डूबने से 62 लोगों की मौत हुई।

### 2 जुलाई को जन्मे व्यक्ति

- प्रसिद्ध जनकवि आलोक धन्वा का जन्म 1948 में हुआ।
- तेरहवीं और पंद्रहवीं लोकसभा के सदस्य तूफ़ानी सरोज का जन्म 1956 में हुआ।

### 2 जुलाई को हुए निधन

- होमियोपैथी का अविष्कार करने वाले क्रिस्टियान फ्रीडरिष सामुएल हानेमान का फ्रांस के पैरिस में 1843 को निधन हुआ।

## विशेष आलेख

# उत्तर प्रदेश भाजपा की घटी सीटों को लेकर लगातार समीक्षा बैठके जारी, किस पर गिरेगी गाज़ ?

अशोक भाटिया



लोकसभा चुनाव में भाजपा की घटी सीटों को लेकर लगातार समीक्षा बैठकर चल रही है। राज्यों की समीक्षा बैठकों की पूरी जानकारी केंद्र से साझा की जा चुकी है, जबकि कई राज्यों में अभी भी समीक्षाएं चल रही हैं। पार्टी से जुड़े सूत्रों की मानें तो देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में खिसके भाजपा के जनाधार को लेकर हुई समीक्षा बैठकों और तैयार हुई रिपोर्ट में कई महत्वपूर्ण बिंदु सामने आए हैं। इसमें तीन मुद्दे ऐसे हैं जिन पर आम सहमति यह बनी कि अगर इनको वक्त से पहले समझ लिया गया होता, तो प्रदेश में यह स्थिति नहीं होती।लोकसभा चुनाव 2024 में उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ने पर एक रिपोर्ट हाईकमान को भेजी गई है। इससे जुड़ी एक्सक्लूसिव जानकारी सामने आई है। दावा किया जा रहा है कि जिन विधायकों ने कथित भीतरघात करने वालों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार भीतरघात करने वाले भाजपा विधायक भी नेतृत्व के रडार पर हैं। आगामी विधानसभा चुनावों में करीब 100 भाजपा विधायकों के टिकट कटने के आसार हैं। जातीय समीकरण पक्ष में होने के बावजूद कई विधायक अपनी ही सीट नहीं जिता पाए। हार की समीक्षा कर रही भाजपा की स्पेशल टीम ने प्रदेश नेतृत्व को विस्तृत रिपोर्ट सौंपी। साल 2022 में भाजपा ने लगभग 80 विधायकों के टिकट काटे थे। रिपोर्ट में इस बात का भी जिक्र की विधायकों ने लोकसभा कैंडिडेट के खिलाफ माहौल बनाया।कई विधानसभाओं में विधायकों की निष्क्रियता से भी पार्टी को नुकसान हुआ। ऐसे विधायको का पार्टी ने पूरा ब्योरा तैयार कर लिया है। सहयोगी दलों ने भी विधायकों की भूमिका को लेकर अपनी रिपोर्ट दी है। दावा है कि साल 2027 के चुनाव में इन बातों को ध्यान में रखकर ही पार्टी टिकट वितरण करेगी।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को सिर्फ 33 सीटें मिली हैं। वहीं सपा और कांग्रेस अलायंस को 43 सीटें मिली हैं। भाजपा को राज्य से 70 से ज्यादा सीटों की उम्मीद थी। हालांकि उसे सिर्फ 33 सीटें मिलीं थीं।80 में 80 का नारा देकर चुनाव में उतरी भाजपा केवल 33 सीटों पर ही सिमट गई, जबकि इससे पहले दो लोकसभा चुनाव, 2014 और 2019 में भाजपा को 71 और 62 सीटों पर जीत मिली थी, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को बड़ा झटका लगा और पार्टी की रणनीति पूरी तरह फेल हो गई और भाजपा अयोध्या में भी हार गई।

लोकसभा चुनाव 2024 में उत्तर प्रदेश में भाजपा के प्रभुत्व और दबदबे को विपक्षी इंडिया गठबंधन से कड़ी चुनौती मिली, जिसको भाजपा को उम्मीद भी नहीं थी। इस चुनाव में भाजपा वह सीट भी हार गई, जहां उसका दबदबा होता था। भाजपा को सबसे बड़ा झटका अयोध्या में लगा। राम मंदिर के निर्माण के बाद ये पहला लोकसभा का चुनाव था और भाजपा को यहां से हार मिली। फिलहाल भाजपा अपनी हार की समीक्षा कर रही है और कयास लगाया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश में भीतरघात करने वाले नेताओं पर एक्शन की तैयार की जा रही है।इसके अलावा भी हार के तमाम कारण सामने आ रहे हैं। अखिलेश यादव का मुस्लिम-यादव , पिछड़ा दलित समीकरण काम कर गया। साथ में यह भी कहा जा रहा है कि भाजपा को उसके कोर वोटर्स का भी वोट नहीं मिला। जिसमें सबसे खास रहे राजपूत वोटर्स। कुछ लोगों का कहना है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की भविष्यवाणी वाला बयान काम कर गया। केजरीवाल ने ऐन चुनावों के बीच कहा था कि भाजपा फिर आई तो योगी को मुख्यमंत्री पद से हटा देगी, ठीक उसी तरह जिस तरह मध्यप्रदेश से शिवराज सिंह चौहान को हटा दिया। इस तरह राजस्थान से लेकर उत्तर प्रदेश तक में भाजपा को हुए नुकसान में राजपूत वोटर्स की नाराजगी का कारण बताया जा रहा है। कुछ ऐसे ही कारणों से सोशल मीडिया में अचानक ऐसे चुटकुले और मीम्स दिखाई देने लगे हैं जिन्हें देखकर लगता है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इन चुनावों में भाजपा की हार के लिए जिम्मेदार बन गए हैं। इसमें चुनाव हारने वाली साध्वी निरंजन ज्योति और बहुत कम वोटों से जीतने वाले साक्षी महाराज के बयानों का भी सहारा लिया जा रहा है। जिन्होंने उत्तर प्रदेश के चुनाव नतीजों को लेकर भितरघात का आरोप लगाया है। वैसे देखा जाय तो आज की भारतीय जनता पार्टी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भाजपा में अहमियत को कम नहीं आंका जा सकता। उत्तर प्रदेश ही नहीं पूरे देश में भाजपा के चुनावी कैंपेन में उनकी डिमांड शायद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद सबसे अधिक रहती है। 2024 के लोकसभा चुनावों में भी नरेंद्र मोदी ने अगर 206 रैलियां और सभाएं की हैं तो योगी आदित्यनाथ ने 204 रैलियां और सभाएं कीं ।कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों और पार्टी के प्रदेश अध्यक्षों ने चिट्ठी लिखकर योगी आदित्यनाथ की सभा की डिमांड की थी। पार्टी के पोस्टर बॉय बन चुके हिंदू हृदय सम्राट योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता और उनका पार्टी के प्रति समर्थन किसी से भी कम नहीं है। उनकी कार्यशैली को देश को कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने फॉलो किया। विपक्षी शासन वाले राज्यों में कानून व्यवस्था में सुधार के लिए बुलडोजर बाबा का उदाहरण दिया जाता है।उत्तर भारत से लेकर दक्षिण भारत तक अलग-अलग कारणों से उनकी चर्चा होती रहती है। 2019 के लोकसभा चुनावों और 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में कानून व्यवस्था की गारंटी के रूप में उन्हें देखा जाता रहा है। इस बार भी उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था और विकास के लिए स्वयं प्रधानमंत्री मोदी ने उनकी तारीफ की थी। उत्तर प्रदेश के पूर्वी हिस्से में कभी भारतीय जनता पार्टी के पैरलल योगी आदित्यनाथ की पार्टी हिंदू युवा वाहिनी काम करती रही है। जिसे अब भंग किया जा चुका है। 2 दशक पहले तक योगी अपना चुनाव घोड़ा मय सवार वाले चुनाव चिह्न से चुनाव लड़ते थे। योगी से पूर्व के गोरखनाथ मठ महंत अवैद्यनाथ संसद का चुनाव लड़ते थे और योगी विधायकी का। गोरखपुर के आस पास के क्षेत्रों में भाजपा अगर मठ के पसंद के प्रत्याशी नहीं खड़ी करती तो उसे हिंदू युवा वाहिनी के मजबूत प्रत्याशी का सामना करना होता था। मठ की ओर ऐसी व्यवस्था कर दी जाती थी कि गोरखपुर में एक नारा मशहूर हो गया कि गोरखपुर में रहना है तो योगी योगी कहना है। योगी के विरोधी उनकी इसी कार्यशैली की चर्चा आज कर रहे हैं। इसके लिए गोरखपुर में 2018 में हुए लोकसभा उपचुनाव और 2023 में हुए घोसी उपचुनाव की चर्चा कर रहे हैं। दरअसल 2017 में योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री बनने के बाद अपनी संसद की सीट छोड़नी पड़ी थी। गोरखपुर सीट पर उपचुनाव हुए और योगी की गढ़ रही सीट उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद भाजपा हार जाती है।जाहिर है मुख्यमंत्री योगी पर सवाल उठने ही थे।

# बरसात के मौसम में पशुपालकों को पशुओं की विशेष देखभाल की सलाह

## संयुक्त निदेशक डॉ. छोटू लाल बैरवा ने कहा, विभाग अलर्ट मोड पर

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** बारिश के मौसम में पशुओं के साथ किसी भी प्रकार की वर्षा जनित दुर्घटना नहीं हो इसके लिए पशुपालन विभाग प्रो-एक्टिव एप्रोच एवं अलर्ट मोड पर काम कर रहा है। विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटू लाल बैरवा ने बताया कि पशुपालकों को वर्षा ऋतु के मौसम में पशुओं की विशेष देखभाल करने की सलाह दी जा रही है। संयुक्त निदेशक ने बताया कि ब्लॉक के समस्त पशु चिकित्सकों एवं पशुधन सहायकों को पशुओं में वर्षा जनित बीमारियों के बचाव के लिए टीकाकरण करने एवं चिकित्सालय में आपात स्थिति में आने वाले पशुओं का बेहतर उपचार करने के निर्देश दिए गए हैं। संयुक्त निदेशक ने कहा कि बरसात के सीजन में पशुओं में मौसमी बीमारी फैलने का खतरा अधिक रहता है इसलिए जिले के पशुपालक गांव या आसपास के पशु चिकित्सालय में गाय-भैंस में गलघोंटू का टीकाकरण अवश्य करवाएं। पशुपालक अपने पशुओं को बरसात के मौसम में घर पर ही बांध कर रखें, ताकि पशुओं पर बिजली गिरने का खतरा नहीं रहे। पशुओं को बिजली के पोल या पोल के स्टेग वायर से नहीं बांधे। इससे पशु में करंट आने का खतरा बना रहता है। वर्षा ऋतु में पशुओं को साफ पानी पिलाना चाहिए। बारिश के मौसम में पशुओं को मक्खी-मच्छरों के प्रकोप एवं चर्म रोग से बचाने के लिए प्रतिदिन साफ पानी से नहलाना चाहिए। पशु के शरीर पर मक्खी-मच्छर नहीं काटे, इसके बचाव के लिए तेल की मालिश करनी चाहिए। इसके साथ ही, पशुपालक अपने पशुओं को नदी, तालाब, बांध, नहरें, कुएं एवं गहरे बहाव वाले पानी में नहीं लेकर जाए।

# निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर लगेंगे

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय द्वारा अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को नि:शुल्क चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए तहसील उनियारा में 4 दिवसीय चिकित्सा शिविर लगाए जाएंगे। संयुक्त निदेशक (प्रशासन) जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि ग्राम अहमदनगर में 3 जुलाई को, गोपालपुरा में 4 को, हनोतिया में 5 को एवं 6 जुलाई को ग्राम मौलवी नगर में आयुर्वेद चल चिकित्सा शिविर लगेंगे।

# मुख्यमंत्री की विडियो कांफ्रेस में नए कानूनों की दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर 1 जुलाई से लागू किए गए नए कानूनों को लेकर मुख्यमंत्री की विडियो कांफ्रेस आयोजित हुई जिसमें पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों सहित कई जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। कांफ्रेंस में बाद में लागू किए गए तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 व भारतीय अधिनियम 2023 की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। डीवाईएसपी मृत्यंजय मिश्रा ने बताया कि अब से पीडित व्यक्ति इलेक्ट्रोनिक माध्यम से भी रिपोर्ट दर्ज करवा सकता है। उक्त व्यक्ति को तीन दिन के भीतर थाने में जाकर ई-रिपोर्ट पर हस्ताक्षर करने होंगे। पीडित व्यक्ति घटना की रिपोर्ट किसी भी पुलिस थाने में दर्ज करवा सकता है। उन्होंने बताया कि नए कानून में 6 प्रकार के छोटे अपराधों में सामुदायिक सेवा के नवीन दंड को शामिल किया गया है। हत्या की धारा 302 आईपीसी के स्थान पर 101 बीएनएस, दुष्कर्म की धारा 376 आईपीसी के स्थान पर 63 बीएनएस, हत्या के प्रयास की धारा 307 आईपीसी के स्थान पर 109 बीएनएस हो गई है। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023 का उद्देश्य भारत की आपराधिक न्यायिक प्रणाली को आधुनिक बनाना है और नागरिक केन्द्रित कानूनी संरचना बनाना है। बीएनएस में कुल नए अपराध शामिल किए गए है। जिनमें संगठित अपराध, आतंकवादी कृत्य, भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कृत्य, 5 या अधिक व्यक्तियों के द्वारा हत्या, नस्ल, धर्म, जाति आदि के आधार पर हत्या, धोखेसे या विवाह के वचन देकर दुष्कर्म करना आदि शामिल है। बीएनएस में प्रावधान किया है कि पीडित द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाने के बाद 90 दिन में थानाधिकारी को अनिवार्यरूप से प्रकरण में प्रकरण रिपोर्ट दी जावेगी।

# पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में प्रथम वर्ष प्रवेश के आवेदन 5 जुलाई तक

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में सत्र 2024-25 के लिए प्रथम वर्ष डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन मांगे गए हैं। प्रथम वर्ष में आवेदन की अंतिम तिथि 5 जुलाई है। प्रधानाचार्य मनोज कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रथम वर्ष डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम सिविल, मेकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, कम्प्यूटर साइंस और इलेक्ट्रानिक्स में प्रवेश की प्रकिया चालू है। प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए 10वीं कक्षा उर्तीण अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# ग्रीष्मकालीन शिविर शुरू

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** निदेशक माध्यमिक शिक्षा निदेशालय राजस्थान के आदेशानुसार पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली में 1 जुलाई से ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर का समापन 7 जुलाई को होगा। प्रधानाचार्य डॉ. योगेन्द्रसिंह नरूका ने बताया कि शिविर में प्रत्येक दिन की एक थीम निर्धारित की गई है। जिसके अनुसार ही शिविर संचालन किया जाना है। प्रथम दिवस स्वस्थ जीवनचर्या, द्वितीय दिवस पर ई-कचरा कम करे, तृतीय दिवस पर ऊर्जा बचाये, चतुर्थ दिवस पर पानी बचायें, पंचम दिवस पर सतत खाद्य प्रणालियां अपनाएं, षष्ठम दिवस पर कूड़ा कम करों, सप्तम दिवस सिंगल यूज प्लास्टिक को ना कहे ग्रीष्मकालीन शिविर की थीम रहेगी।

# शिक्षा मन्दिरो में गूंजी किलकारियां कोई रोता तो कोई हंसता पहुंचा स्कूल

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा शहर व ग्रामीण अंचलो में संचालित सभी सरकारी व नीजि शिक्षण संस्थाओ में नए शिक्षा सत्र के प्रथम दिन कोई हंसता तों कोई रोता स्कूल पहुंचा। सोमवार को नया शिक्षा सत्र प्रारम्भ होने के चलते पिछले डेढ माह से बंद पड़े शिक्षा मन्दिरो में किलकारिया गूंजी व चहल पहल शुरू हो गई। वेसे नए शिक्षा सत्र का प्रथम दिन प्रवेश प्रक्रिया में बीता। लेकिन जिन विद्यार्थियो ने पहले से प्रवेश ले रखा था वे सभी विद्यार्थी अगली कक्षा में बैठकर अगली कक्षा का अध्ययन प्रारम्भ किया। इधर शिक्षा सत्र का प्रथम दिन होने के चलते कई नोनिहाल अपने अभिभावको के साथ कोई रोता तो कोई हंसता हुआ शिक्षा मन्दिर पहुंचा। नीजि शिक्षण संस्था संचालको ने नए सत्र को प्रारम्भ करने की सभी तैयारियां पहले से ही पूर्ण कर चुके थे। जिसके चलते सोमवार को प्रथम दिन होने के बावजूद नीजि शिक्षण संस्थाओं में किसी प्रकार की अफरा तफरी का माहोल देखने को नहीं मिला। वैसें सरकारी शिक्षण संस्थानो में भी नया शिक्षा सत्र प्रारम्भ हो गया।

# डाक्टर्स डे पर चिकित्सको का किया सम्मान

## रोगियो को फल वितरण के साथ हुआ नए सेवा सत्र का शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा के सरकारी अस्पताल में कार्यरत चिकित्सको का अन्तर्राष्ट्रीय डाक्टर्स डे पर रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन व रोटरी क्लब मालपुरा सिटी द्वारा सम्मान किया गया। साथ ही क्लब के नए सेवा सत्र का शुभारम्भ रोगियो को फल वितरण के साथ किया गया। सोमवार को अन्तर्राष्ट्रीय डाक्टर्स डे पर धरती के भगवान माने जाने वाले चिकित्सको को विभिन्न स्वयंसेवी एवं सेवा भावी संस्थाओ की ओर से अभिनन्दन व सम्मान किया गया। इसी कड़ी में रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन के सभी सदस्य नए अध्यक्ष अमित विजय के नेतृत्व में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मालपुरा पहुंचे। इस दौरान क्लब की महिला शाखा इन्हरव्हील क्लब की महिला सदस्य भी मौजुद रहे। इस दौरान क्लब की ओर से अन्तर्राष्ट्रीय डाक्टर्स डे के मौके पर अस्पताल प्रभारी अधिकारी डॉ. कैलाश सामरिया सहित डॉ. जीतराम मीणा, डा. अनिल मीणा, डॉ. एस.एस.बैरवा, डॉ. उमेश शर्मा, डॉ. प्रवीण जांगिड़ सहित कार्यरत अन्य सभी चिकित्सको का मालाऐं पहना कर एवं दुपट्टा एवं पेन भेंट कर सम्मान कर डाक्टर्स डे की बधाई और शुभकामनाऐं दी। वहीं इन्हरव्हील क्लब की सुरभि विजय सहित अन्य मौजुद महिलाओं ने सरकारी अस्पताल में कार्यरत सभी महिला चिकित्सको का सम्मान कर डाक्टर्स डे की बधाई और शुभकामनाऐं दी। इधर रेखा देवी मेमोरियल संस्थान के निदेशक डा. राकेश जैन, डॉ. अकिंत जैन व डॉ. आस्था जैन खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पहुंच कर खंड मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजीव चौधरी का सम्मान किया। इसके सेवा भावी एवं पीड़ित मानव की सेवा में जुटे रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन के नए सेवा सत्र के प्रथम दिन क्लब की ओर से अस्पताल में भर्ती सभी रोगियो को फल वितरण कर शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। इस दौरान रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन के पवन जैन संगम, सीताराम स्वामी, सुमेर बड़जात्या, भागचन्द जैन,रमेश जैन सहित रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन व इन्हरव्हील क्लब मालपुरा के कई सदस्य मौजुद रहे।

# पौधे लगाकर मनाया डॉक्ट्र्स डे

## चिकित्सकों ने अस्पताल परिसर में पौधारोपण करके अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** राजकीय सामुदायिक अस्पताल परिसर में डॉक्ट्र्स डे मनाया गया। जिसको लेकर चिकित्सकों ने अस्पताल परिसर में पौधारोपण करके अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया। अरिसदा सचिव डॉ. शैलेन्द्र चौधरी एवं अध्यक्ष डॉ. मुकेश चौधरी ने बताया कि डॉक्टरस डे पर सघन पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर परिसर में नीम, गुलमोहर, अमलताश व आम सहित कई पौधे रोपित किए गए। इसी प्रकार राजस्थान नर्सेज एसोसियशन एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष पवन मीणा के सानिध्य में पौधारोपण करके हरित एवं स्वच्छ भारत का संदेश दिया। संगठन के जिलाध्यक्ष त्रिलोकचन्द मीणा ने बताया कि अस्पताल परिसर में राजस्थान नर्सेज एसोसियशन एकिकृत के पदाधिकारियों ने पौधारोपण करके पौधो का संरक्षण करने का संकल्प लिया। इस दौरान ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के लिए लोगों को जागरूक किया गया।

इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. केके विजेय, डॉ. राजेश जैन, डॉ. योगेन्द्र विजय, डॉ. श्रीराम कटारिया, डॉ. योगेन्द्रसिंह, डॉ. अभिषेक ओझा, डॉ. ओमनारायण मीणा, डॉ. रामजीलाल बैरवा, डॉ. ममता बिजारनिया, डॉ. अनिता शर्मा, डॉ. पीएन बैरवा, नर्सिंग ऑफिसर कृष्णकांत, कमलेश, उमेश पारीक, अरविंद कराडीया, श्योजीलाल यादव, सुरेश शर्मा, दिनेश, टीकाराम शर्मा, रामा चौधरी, मुकेश अटल, उगन्ती गुर्जर, रीना गुर्जर, सोनी गुर्जर, कृष्णा व दुर्गा मीणा सहित नर्सिंग ऑफिसर मौजूद थे।

# उल्लेखनीय सेवाओ के लिए डॉक्टर्स डे पर डॉ. तैयब को मिला सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जयपुर में आयोजित डायबिटीज़, thyriod & Endocrin Conference 2024 में सानिया हॉस्पिटल अलवर के डायरेक्टर डॉ तैयब खान को चिकित्सा के क्षेत्र में उनकी उत्कर्ष सेवाओं के लिए मिला लाइफ टाइम्स एचीवमेंट अवार्ड दिया गया। गौरतलाप है कि विभिन्न प्रकार की चिकित्सा सुविधाओं को लेकर डॉक्टर तैयब ने सानिया हॉस्पिटल को नए आयाम दिए हुए हैं सुपर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में सानिया हॉस्पिटल का नाम पूरा राजस्थान में शुमार है इसके अलावा डॉक्टर तैयब विभिन्न प्रकार की चिकित्सकीय सुविधाओं का विस्तार करते हुए लोगों को चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं । इसी संदर्भ में दो दिवसीय आयोजित डायबिटीज व थाइरॉएड कॉन्फ्रेंस में डॉक्टर तैयब का सम्मान किया गया। डॉ तय्यब के सम्मान पर अलवर के सभी चिकित्सकों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# पचेवर सरपंच के उप चुनावो में उषा गुर्जर की हुई एकतरफा जीत, 1201 मतो से जीत कर सरपंच बनी उषा

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा उपखण्ड की पचेवर ग्राम पंचायत के सरपंच पद के हुए उप चुनावो में उषा गुर्जर ने अपने निकटतम प्रतिद्धंदी को 1201 मतो से जीत हासिल कर एक तरफ जीत के साथ सरपंच निर्वाचित हुई। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी कार्यालय की ओर से उप चुनावो के परिणामो के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उप चुनावो के लिए राउमावि पचेवर में 10 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए थे। जिनमें कुल 8534 मतदाताओं में से 5371 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सरपंच पद के उप चुनावो में तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान में डटे हुए थे। जिनमें से विजयी रही प्रत्याशी उषा गुर्जर को 3002, निकटतम प्रतिद्धंदी सुनीता देवी कासे 1801 तथा तीसरे नम्बर पर रही फिरोज को 511 मिले। जिस पर सरपंच पद के लिए उषा गुर्जर को 1201 मतो से निर्वाचित धोषित किया गया। परिणाम जारी होने के बाद निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचित उषा गुर्जर को निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र दिया गया।

# समय पर भुगतान और स्टेप डिलेवरी के एग्रीमेंट में संशोधन की उठी मांग

## प्रादेशिक दवा विक्रेता समिति आरजीएचएस के संवाद सेतु-2 कार्यक्रम में हुई विस्तृत चर्चा





बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** प्रादेशिक दवा विक्रेता समिति (आरजीएचएस) के तत्वावधान में ३० जून को जयपुर में संवाद सेतु-2 कार्यक्रम प्रदेशाध्यक्ष विवेक विजयवर्गीय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में आरजीएचएस परियोजना निदेशक शिप्रा विक्रम भी मौजूद रहीं। इस दौरान विस्तृत चर्चा में सामने आया कि दवा विक्रेताओं को तय समय में भुगतान नहीं हो रहा है। जबकि अनुबंध की शर्तो के अनुसार 21 दिवस में भुगतान होना तय किया गया था। कार्यक्रम में कुछ मामले ऐसे भी सामने आए जिनमें 3 वर्ष बीत जाने के बाद भी भुगतान नही हुआ है।

विवेक विजयवर्गीय ने बताया कि संवाद सेतु-2 कार्यक्रम में सिम्स बिलिंग पोर्टल पर देय एवं भुगतान योग्य दवाईयों की सूची उपलब्ध कराने की बात भी उठी। साथ ही नए घटक व उत्पाद बिलिंग के लिए पोर्टल पर समय-समय पर शामिल किए जाने, बिना कारण होने वाली कटौती पर रोक लगाने, दवा विक्रेताओं की पुरानी बकाया राशि का समायोजन प्रत्येक वित्तीय वर्ष में होने, अदेय दवाईयों को पोर्टल से हटाने तथा भुगतान योग्य सभी दवाईयों को बिलिंग पोर्टल पर जोड़ने की बात भी सामने आई।

कार्यक्रम में परियोजना निदेशक शिप्रा विक्रम ने दवा आपके द्वारा की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया और सभी आरजीएचएस अधिकृत दवा विक्रेताओं को दौर स्लेप डिलेवरी के लाभ बताए। प्रादेशिक दवा विक्रेता समिति के पदाधिकरियों ने बताया कि दौर स्टेप डिलेवरी के लिए सर्विस लीगल एग्रीमेंट बनाया गया है। उसमे संसोधन की आवश्यकता है। इस अवसर पर रवि गुप्ता, पवनकुमार अग्रवाल, राकेश सोनी, सुशील सिंगल, मनीष सोनी, कमलेश पारीक निवाई, रामेश्वर तिवाड़ी व कमलेश बंसल सहित कई पदाधिकरी व दवा विक्रेता मौजूद थे।

# डॉक्टर्स डे पर भारत विकास परिषद द्वारा डॉक्टर्स का सम्मान किया

बढ़ता राजस्थान



**बहरोड़ ( सुभाष यादव )।** भारत विकास परिषद शाखा बहरोड द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में महारत हासिल किए हुए डॉक्टर्स का आज डॉक्टर डे पर सम्मान किया गया भारत विकास परिषद के सभी सम्मानित सदस्यों द्वारा डॉक्टर को प्रशस्ति पत्र मोमेंट तथा परिषद का पटका पहनाकर उनको सम्मानित किया गया साथ ही परिषद के पांच मूल मंत्र संपर्क सहयोग संस्कार सेवा समर्पण मुख्य मूल मन्त्र में सेवा डॉक्टर का सबसे बड़ा मंत्र होता है इसी पर हमारे डॉक्टर समाज में काम करते हैं और विभिन्न तरह से लोगों को जीवन दान देने का काम भी करते हैं इसीलिए डॉक्टर को पृथ्वी का भगवान भी कहा जाता है डॉक्टर सपना यादव डॉक्टर सचिन यादव डॉक्टर नरेंद्र यादव डॉक्टर जे आर यादव डॉक्टर हनुमान यादव डॉक्टर ऋषि यादव डॉक्टर कर्मवीर यादव डॉ अनिल गुप्ता इनके साथ लगभग 25 डॉक्टर का भारत विकास परिषद द्वारा सम्मान किया गया कोषाध्यक्ष नरेंद्र यादव द्वारा बताया गया हमारे जीवन में चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका के सम्मान में हर साल 1 जुलाई को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जाता है। यह दिन पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री और प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. बिधान चंद्र रॉय की याद में मनाया जाता है, जिनका जन्म और निधन इसी दिन हुआ था। कार्यक्रम में अध्यक्ष विपिन कुमार शर्मा प्रांतीय प्रकल्प प्रमुख प्रेमचंद सेन जल मंदिर प्रकल्प प्रमुख भीम भारद्वाज सहसचिव वीरेंद्र वर्मा मुकेश यादव डॉ निर्भय योगी परिषद के सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

# बी.एल.चौधरी लगाएगें 1 लाख पौधे : पौधा लगाने वाले कक्षा 11 व 12 के विद्यार्थियों को दी जाएगी एक टी शर्ट

बढ़ता राजस्थान




**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा क्षेत्र के भामाशाह व समाजसेवी बी.एल.चौधरी निदेशक बी.एल. चौधरी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा इस सप्ताह में मालपुरा क्षेत्र में 1 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रक्षा गया है। बी.एल. चौधरी चेरिटेबल ट्रस्ट के निदेशक बी.एल. चौधरी देशमां ने बताया कि सम्पूर्ण मालपुरा क्षेत्र में उनकी ओर सघन पौधारोपण करने का निर्णय लिया गया है। इसके अन्तर्गत पांच से छ फुट ऊंचे करंज एवं अर्जुन की छाल के पौधे उत्तर प्रदेश से मंगवाए जा रहे हैं। ये सभी पौधे आगामी एक दो दिन में ही मालपुरा पहुंच जाएगें। पौधो के मालपुरा पहुंचने के बाद सम्पूर्ण मालपुरा क्षैत्र में पर्यावरण प्रेमियो सहित युवा विद्यार्थियों के सहयोग से सघन पौधारोपण अभियान संचालित किया जाएगा। साथ ही पौधा लगाने व अभियान को सफल बनाने में सहयोग देने वाले क्षेत्र की सभी शिक्षण संस्थानो के कक्षा 11 व 12 के विद्यार्थियों को उनकी ओर से सफेद रंग की आकर्षक टी शर्ट दी जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के सभी पर्यावरण प्रेमियो व युवाओं से आव्हान किया है कि अभियान को सफल बनाने एवं मालपुरा क्षैत्र को पर्यावरण की दृष्टि से शुद्ध रखने के लिए आयोजित अभियान को सफल बनाने के लिए सभी से सहयोग अपेक्षित है।

उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान लगाए जाने वाले पौधो की आगामी दो वर्ष तक रक्षा करने, पानी देने सहित अन्य सभी प्रकार की व्यवस्थाऐं उनकी ओर से की जाएगी।

# कथा वाचिका जया किशोरी को मोहित टेलर ने गुलदस्ता भेट किया



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** सोमवार को कथा वाचिका जया किशोरी से रामाज् परिवार से मोहित टेलर, मंजू टेलर , निधि टेलर, मुस्कान टेलर ने मुलाक़ात की, गुलदस्ता और रामाज् की कुर्तिस गिफ्ट की।

# विधायक रामसहाय वर्मा ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का .स.)।** ग्राम पंचायत मुख्यालय करेड़ा बुजुर्ग में विधायक रामसहाय वर्मा की उपस्थिति में उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में चनानी, दतवास, गुन्सी, दहलोद, मूण्डिया, सैदरिया खुर्द, तुर्किया, हिंगोनिया बुजुर्ग, करेड़ा बुजुर्ग व लुहारा के ग्रामीणों ने विधायक रामसहाय वर्मा को अपनी समस्याएं बताई। विधायक ने उपस्थित उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों को जनसुनवाई में आए परीवादों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी सुरेश हरसोलिया, भाजपा अरनिया मंडल अध्यक्ष देवराज गुर्जर, उपाध्यक्ष चिरंजीलाल झांपड़ी, भाजपा वरिष्ठ नेता रामप्रसाद शर्मा, सांवरिया सोनी व हनुमान गुर्जर रजवास सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।



# श्री राष्ट्रीय करणी सेना नए आयाम और नई सोच के साथ राष्ट्रीय कार्य करेगी : शिव सिंह शेखावत

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, ( का.स. )।** श्री राष्ट्रीय करणी सेना अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत ने आगामी कार्यक्रमों को लेकर बोले कि हम पहले की तरह नहीं,अब नए आयाम के साथ और नई सोच के साथ राष्ट्रीय कार्य करेगी । साथ ही राजपूत समाज के अलावा सभी समाज के लिए कार्य करेंगे। हमें लगातार धमकियां मिल रही है जिस तरीके से गोगामेडी को हत्या की गई, इस तरह मुझे भी बार-बार करने की धमकी दी जा रही है। मगर हम रुकने वाले नहीं और न ही झुकने वाले नहीं है। श्री राष्ट्रीय करणी सेना एक वह सेना है,जिन्होंने राजस्थान की वीर भूमि पर इतिहास रचा है और राजस्थान वीरों की भूमि रही है। राजस्थान राजपूतों की भूमि रही है, वह सभी के साथ है। राष्ट्रीय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत सोमवार को अपने जन्मदिन के अवसर पर चित्रकूट वैशाली नगर स्थित राष्ट्रीय करणी सेना के कार्यालय में मीडिया को सम्बोधित करते हुए बोल रहे थे। राष्ट्रीय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत के जन्मदिन के शुभ अवसर पर सोमवार को फिल्म-बॉलीवुड अभिनेता जोजो उर्फ जीतू वर्मा जयपुर पहुंचे। साथ ही कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ सहित राष्ट्रीय करणी सेना के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। जिन्होंने मिलकर शिव सिंह शेखावत का फूल में माल-साफा पहनकर भव्य स्वागत किया। वही राष्ट्रीय सहित प्रदेश कार्यकारिणी की नई नियुक्ति भी गई। शिव सिंह शेखावत के जन्मदिन के शुभ अवसर पर कुछ महिलाओं को प्रोत्साहन के तौर पर सिलाई मशीन सप्रेम भेट की।

इसके अलावा मरूधरा हॉस्पिटल खातीपुरा की एक डॉक्टरों की टीम द्वारा निशुल्क चिकित्सा परामर्श-शिविर सहित कई जांच की गई। जिसमें सैकड़ों लोगों ने शामिल होकर ब्लड,बीपी,ईसीजी,शुगर सहित कई जांचें करवाई। शेखावत ने मीडिया का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनका जन्मदिन होने के कारण उन्हें समय नहीं दे पाया, इसलिए सभी से माफी मांगते है। सभी उनके जन्मदिन में आए प्रदेश के सभी पदाधिकारियों का तेह दिन से आभार जताया।

# योग समागम में राजयोग, भक्तियोग हठयोग एवं ज्ञानयोग की गंगा बही



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान वैशाली नगर द्वारा आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं जयपुर नगर निगम ग्रेटर के सहयोग से आयोजित योग समागम में मुख्य अतिथि गलता पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज ने संबोधित करते हुए कहा कि योग साधक में समता और समत्व का भाव पैदा करता है। योग की जो भी विधाएं प्रचलित है उसके मूल में यही बात रहनी चाहिए की शरीर को स्वस्थ रखते हुए हम भगवान की कृपा के अधिकारी कैसे बने ? भगवान का आश्रय ही मुक्ति का एकमात्र रास्ता है।

सभा को संबोधित करते हुए जयपुर नगर निगम ग्रेटर की महापौर सौम्य गुर्जर ने कहा कि योग का असली मकसद है आपस में सबको जोड़ना, व्यक्ति को उर्जा से, शहर से, स्वच्छता से, पर्यावरण से, बड़ों का सम्मान करने से, हमें विकसित भारत बनने में योगदान के लिए जोड़ना द्य उन्होंने हर व्यक्ति को भारत माँ के नाम एक वृक्ष लगाने का आह्वान किया।

मेघसिंह चौहान, संयोजक, राजस्थान प्रदेश क्रीड़ा भारती ने अभ्यास एवं वैराग्य पर प्रकाश डालते हुए कहा की किसी विपरीत परिस्थिति में ना विचलित होना है तथा ना ही ख़ुशी के पल में ज्यादा खुश होना है, प्रभु चिंतन करते हुए आनंद में रहने से योग सफल हो सकता है।

योगाचार्य ढाकाराम, संस्थापक योगापीस संस्थान ने पहला सुख निरोगी काया पर जोर देते हुए कहा की स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास हो सकता है, तथा शरीर को कर श्रेष्ठ कर्म करने पर जोर दिया।

डॉ रामसेवक दुबे, कुलपति जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय ने शरीर तथा मन की साधना के संतुलन पर जोर देते हुए कहा की चित की साधना अर्थात अन्तकरण को स्वच्छ करते हुए शरीर को स्वस्थ रखना है तथा वर्तमान में जी कर हुए हर कार्य को आज ही करने पर जोर दिया। ब्रह्माकुमारीज माउण्ट आबू मुख्य प्रबन्धन समिति की कार्यकारिणी सदस्या एवं जयपुर सबज़ोन प्रभारी राजयोगिनी बी के सुषमा दीदी ने राजयोग ध्यान पर प्रकाश डालते हुए कहा हम स्त्री अथवा पुरुष नहीं हम सतचित आनंदस्वरुप आत्माएं है, अपने इसी स्वरुप की ज्योति जगाकर हमें एक दुसरे के प्रति शुभ भावना रखते हुए प्राणिमात्र के प्रति रहम की भावना रखने की बात कही द्य साथ ही उन्होंने राजयोग ध्यान का अभ्यास भी करवाया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पतंजली के प्रदेश संरक्षक महेंद्र यादव, गलता पीठ के युबराज स्वामी राघवेन्द्र महाराज, अन्तराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री गोपाल गुप्ता, आर्ट ऑफ़ लीविंग के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कालानी, दिव्य ज्योति संसथान की साध्वी लोकेश भारती, पार्षद प्रवीन यादव, पार्षद राजू अग्रवाल, पार्षद कपिल धाबाई सहित शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर वृक्षारोपण अभियान का शुभारम्भ प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों में लगाए जाएंगे 1 लाख पौधे

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, ( का.स. )।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर की पहल पर सोमवार को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर चिकित्सा विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त राजकीय चिकित्सा संस्थानों में पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली में वृद्धि की दृष्टि से 'वृक्षारोपण अभियान' अभियान का शुभारम्भ किया गया। इस अभियान के तहत राज्य के चिकित्सा संस्थानों में लगभग एक लाख पौधे लगाए जाएंगे। यह महत्वपूर्ण अभियान 1 जुलाई 2024 से 31 जुलाई 2024 तक संचालित किया जाएगा।

अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह, मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण इकबाल खान, निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर निदेशालय परिसर में पौधारोपण कर मानवता की सेवा के पुनीत कार्य के लिए चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि चिकित्सा संस्थानों में बेहतर वातावरण, हरियाली, छाया एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं इससे निचले स्तर के चिकित्सा संस्थानों में 5 तथा इससे उच्च स्तर के चिकित्सा संस्थानों में 10 पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अभियान के लिए फलदार एवं छायादार वृक्षों का चयन किया गया है। इनमें नींबू, आंवला, बील, जामुन, अमरूद, अनार, आम, सीताफल, इमली, चीकू, शहतूत, संतरा, नाशपती जैसे फलदार एवं नीम, मीठा नीम, पीपल, बरगद, शीशम, देशी बबूल, गुलमोहर, करंज, सहजन, खेजड़ी जैसे छायादार वृक्ष शामिल हैं। निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि पौधों की व्यवस्था वन विभाग, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग, मनरेगा द्वारा लगायी गयी नर्सरी, पंचायती राज संस्थाओं, स्वयं सेवी संस्थाओं एवं दान-दाताओं के माध्यम से की जाएगी। पौधरोपण के बाद उसका 5 वर्ष तक रख-रखाव, पानी पिलाने एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी संबंधित संस्थान की ही होगी। लगाए गए पौधों की वृद्धि की भी नियमित समीक्षा की जाएगी। एक अगस्त, 01 नवम्बर 2024 एवं 03 फरवरी 2025 को पौधों की प्रगति से निदेशालय को अवगत कराना होगा।

# राजस्थान पुलिस प्रदेश में तीनों नए कानूनों को अच्छी तरह से लागू करने के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार : डीजीपी साहू

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,( का.स. )।** पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने कहा है कि राजस्थान पुलिस देश में एक जुलाई से लागू हुए नए क्रिमिनल लॉज को अच्छी तरह से लागू करने के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार है। उन्होंने कहा कि भारतीय की संसद द्वारा जिस मंशा से यह कानून पारित कर लागू किए गए है। उसी के अनुरूप राजस्थान पुलिस इन कानूनों को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।

डीजीपी साहू ने बताया कि प्रदेश में इन कानूनों को लागू करने के लिए राजस्थान पुलिस के स्तर पर व्यापक तैयारियां की गई है। प्रदेश में पुलिस चौकियों से लेकर पुलिस मुख्यालय तक हर स्तर पर पुलिस अधिकारियों, अनुसंधान अधिकारियों और पुलिस कार्मिकों को सघन प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। इसके लिए समय-समय पर कार्यशालाओं और प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से इन कानूनों के प्रावधानों के बारे में अधिक से अधिक जानकारी हर स्तर पर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को दी गई हैं।

साहू ने बताया कि सोमवार से तीन नये कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए), वर्ष 1860 में बनी आईपीसी, 1872 में बने इंडियन एविडेंस एक्ट, वर्ष 1818 (संशोधित 1973) में बनी सीआरपीसी की जगह प्रभावी हो गए है। उन्होंने बताया कि पहले के कानून दंड पर आधारित थे। जबकि नए कानून न्याय के सिद्धांत के आधार पर बनाए गए हैं। इनमें डिजिटल साक्ष्यों को महत्व देते हुए महिलाओं और बच्चों पर होने वाले अत्याचारों के मामलों को देखते हुए नए प्रावधान जोड़े गए हैं। साथ ही सीनियर सिटीजन और अन्य कमजोर वर्गों को ध्यान रखते हुए कई प्रकार के प्रावधान शामिल किए गए हैं। वहीं नए कानूनों में अदालत में विचारण के लिए अनुसंधान से लेकर ट्रायल तक समय सीमा भी निर्धारित की गई है।

## भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी की मेहनत लाई रंग, घुमंतु परिवार की जमीन पर कब्जे पर मुख्यमंत्री ने दिए पुलिस जांच के आदेश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में मालवीय नगर अपेक्स हॉस्पिटल के पास स्थित अशोक कॉलोनी में वर्षों से रह रहे कालु लोहार परिवार को कालू लोहार के पक्ष में स्थगन आदेश के बावजूद नकली कागजात के दम पर पट्टे बनाकर जयपुर विकास प्राधिकरण की सतर्कता शाखा के अधिकारियों के साथ मिली भगत कर बेदखलकर भूमिया को कब्जा देने के मामले में भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के आंदोलन की चेतावनी के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुलिस जांच के आदेश दे दिए हैं। भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के अध्यक्ष अनीष कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहां की वर्षों से कांग्रेस का समर्थन करते आ रहे घुमंतू समाज के संरक्षण का वादा भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी ने किया था। इसके बाद राजस्थान में घुमंतू समाज ने बीजेपी को पहली बार भारी समर्थन प्रदान किया। उसके बावजूद भाजपा सरकार में घुमंतु समाज के 70 वर्ष से अधिक समय से रह रहे स्थान पर भूमाफियाओं ने अपनी नजर गडकर स्थानीय प्रशासन से 60 घटकर उनकी जमीन छीनना शुरू कर दिया। इसी क्रम में मालवीय नगर की घटना घाटी जिसकी शिकायत समिति ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से की भजनलाल शर्मा ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तुरंत प्रभाव से पुलिस जांच के आदेश दिए हैं। अनीष कुमार ने मामले की जांच कर रिपोर्ट दर्ज करने एवं अपराधियों को सख्त सजा देने की मांग करते हुए कहा है कि अगर पुलिस प्रशासन सही जांच नहीं करेगा तो प्रदेश के हजारों घुमंतु परिवारों को लेकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। अनीष कुमार ने चाकसू में पूर्व कांग्रेस विधायक वेद प्रकाश सोलंकी के संरक्षण में घुमंतु परिवार की 103 बीघा भूमि के मामले में भी आरोप लगाया कि यहां भी माफिया जमीन को गलत तथ्यों के आधार पर हड़पकर औने-पौने दामों में घुमंतु परिवार को समझौता करने के लिए दबाव बना रहा है जिसकी भी शिकायत की जाएगी।

## नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर युवती से दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** सांगानेर थाना इलाके में एक बॉस द्वारा अपने ऑफिस में काम करने वाली एक युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि आरोपित ने नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर बनाए अश्लील वीडियो को दिखाकर पति से तलाक करवा दिया। ब्लैकमेल कर चार सालों तक देहशोषण के साथ वेश्यावृत्ति करवाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि प्रताप नगर निवासी 28 वर्षीय युवती ने ने मामला दर्ज करवाया है कि साल-2020 में जगतपुरा में आरोपी रिंकू उर्फ प्रिंस गुर्जर के यहां जॉब पर लगी थी। जॉब के दौरान आरोपी बॉस रिंकू ने उसे नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाई। बेहोशी की हालत में आरोपी रिंकू ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद मोबाइल में उसका अश्लील वीडियो बना लिया। होश आने पर विरोध करने पर अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी दी। ब्लैकमेल कर आरोपी उसके साथ देह शोषण करने लगा। अश्लील वीडियो को पीड़िता के पति को दिखाकर तलाक तक करवा दिया। अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल कर आरोपी उससे वेश्यावृत्ति करवाने लगा। विरोध करने पर बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट की जाती। आरोपी के चंगुल से बचकर निकलने पर पीड़िता ने सांगानेर थाने में मामला दर्ज करवाया।

# कौशल शिक्षा फाउंडेशन द्वारा 1 महीने का कंप्यूटर कोर्स पूरा करने वाले बच्चों को किया सम्मानित



## बच्चों ने फैंसी ड्रेस में अपने दिखाए जलवे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** मानसरोवर स्थित एक रेस्टोरेंट में कौशल शिक्षा फाउंडेशन की ओर से सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया सम्मान समारोह फाउंडेशन के द्वारा चलाए जा रहे एक महीने के कंप्यूटर कोर्स पूरा होने पर बच्चों को सर्टिफिकेट और उनको मोमेंटो देकर नवाजा गया। इस मौके पर बच्चों ने फैंसी ड्रेस के साथ रैंप वॉक कर मेहमानों का दिल जीत फाउंडेशन की डायरेक्टर भावना शर्मा ने बताया की कौशल शिक्षा फाऊंडेशन ऐसे बच्चे जिन्हें कंप्यूटर से कोई सरोकार नहीं था उनका एक महीने में कंप्यूटर का कोर्स बेसिक तौर पर पूरा करवाया और उनका सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महावीर सोनी रहे विशिष्ट अतिथि बतौर शाइनिंग टाइम्स मैगजीन के डायरेक्टर भंवर सिंह, समाजसेवीका नीरू कुंद्रा, रिटायर्ड गवर्नमेंट स्कूल प्रिंसिपल मंजू पारीक, पीयूष राठौर और जोगिंदर सिंह रहे ।

महावीर सोनी ने भावना शर्मा द्वारा चलाए जा रहे फाउंडेशन की तारीफ करते हुए कहा कि भावना एक डेडीकेट और दूसरे के मदद करने में हमेशा आगे रहती है भंवर सिंह ने कहा जिस तरह से भावना अपने इरादों में मजबूत है इस तरह अपने काम के प्रति और खास तौर से बच्चों की शिक्षा को लेकर हमेशा अग्रिन रहती है उन्होंने कहा बच्चों के दिमाग पर प्रेशर न डालें और आज के दौर में अक्सर लोग प्राइवेट स्कूलों में बच्चों की शिक्षा करवाते हैं परंतु जो सरकारी स्कूल पढ़ाई होती है वो पढ़ाई प्राइवेट स्कूल से ज्यादा बेहतर होती है उन्होंने कहा कि हमेशा यूपीएससी आरपीएससी में सरकारी स्कूल के स्टूडेंट नहीं बाजी मारी है। कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए एडवोकेट्स की टीम के साथ-साथ समाजसेवी व शिक्षा क्षेत्र से जुड़े कई मशहूर मारूफ हस्तियों ने शिरकत की सभी मेहमानों ने भावना शर्मा द्वारा किए गए काफी तारीफ की।

# जग्गू भगवानपुरिया गैंग का बदमाश अवैध हथियारों की खेप के साथ गिरफ्तार

## चार अवैध पिस्टल, 6 मैगजीन एवं 18 कारतूस बरामद, पंजाब निवासी है आरोपी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर /दौसा।** दौसा जिले की मेहंदीपुर थाना पुलिस की टीम ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जग्गू भगवानपुरिया गिरोह के एक बदमाश जशनप्रीत सिंह (19) निवासी गुरू की बडाली थाना छेहरटा अमृतसर पंजाब को गिरफ्तार कर हथियारों की खेप, चार अवैध पिस्टल, 6 मैगजीन एवं 18 कारतूस बरामद किये हैं। पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि जग्गू भगवानपुरिया गिरोह का एक बदमाश हथियारों के साथ किसी वारदात की फिराक में मेहंदीपुर बालाजी आया हुआ है। इस सूचना पर एक पुलिस गठित टीम मौके पर पहुंची, जहां हेलीपैड के रास्ते पर एक युवक हाथ में कैरी बैग लिए खड़ा दिखाई दिया। जो पुलिस को देख घबराकर भागा। इस पर पुलि नेयुवक को घेर कर पकड़ लिया। जिसने अपना नाम अमृतसर निवासी जशनप्रीत सिंह बताया। युवक के पास मिले कैरी बैग में रखे कपड़ों के नीचे से चार पिस्टल मैगजीन लगी हुई व दो मैगजीन अलग एवं 18 जिंदा कारतूस मिले।

आर्म्स एक्ट के तहत पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिससे अवैध हथियारों की खरीद फरोख्त और उद्देश्य के संबंध में पुलिस गहनता से पूछताछ में जुटी है।

# हजादी फाउंडेशन की ओर से 225 स्टूडेंट्स को किया गया सम्मानित पांच जरूरतमंद स्टूडेंट को सिलाई मशीन और एक को दिया लैपटॉप

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** कर्बला स्थित हज हाउस में शहजादी फाउंडेशन की इकरा ए शहजादी की ओर से चलाए जा रहे । सिलाई,दीनियत और कंप्यूटर कोर्स के 125 लड़कियों को और 10वीं व 12वीं क्लास में 85 परसेंटेज ज्यादा नंबर लाने वाले बच्चियों को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में जयपुर शहर मुफ्ती जाकिर नोमानी ,राजस्थान हज कमेटी के ओ डॉक्टर मोहम्मद अली खान, वूमेन इंडिया मूवमेंट की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मेहरुन्निसा खान सहित शहर के गए मौजजीज हस्तियों ने प्रोग्राम में शिरकत की। शहजादी फाउंडेशन के डायरेक्टर फहीमुद्दीन फारूकी ने बताया कि पहले लोगों की सामान देकर और उनके घर-घर जाकर उनकी मदद किया करते थे परंतु इससे लोगों में काम करने की आदत छुटती दिखी इसलिए लोगों को सामान देने से बेहतर है उन्हें इस योग्य बनाया जाए कि वह अपना खुद का परिवार का खर्चा उठाने में सक्षम हो जाए इसलिए शहजादी फाउंडेशन बनाया गया। शहजादी फाउंडेशन के को डायरेक्टर फरहान फारूकी ने कहा शहजादी फाउंडेशन का यह पहला बैच जिसमें 125 कौम की बेटियों ने सिलाई,कंप्यूटर और दीनियत का कोर्स मुकम्मल किया साथ ही इनमें से पांच जरूरतमंद लड़कियों को सिलाई मशीन और एक लड़की को लैपटॉप भी दिया गया।

इसके अलावा 85% से अधिक नंबर लाने वाली बेटियों को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया अमन फारूकी ने आए हुए सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

# पुलिस कांस्टेबल पच्चीस हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, ( का.स. )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की पाली-द्वितीय टीम ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना खाण्डा फलसा जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट के पुलिस कांस्टेबल जैमल राम और नरेंद्र कुमार को परिवादी से पच्चीस हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की पाली-द्वितीय टीम को परिवादी ने शिकायत दी गई कि मुकदमें में मदद करने की एवज में जांच अधिकारी देउ उपनिरीक्षक के नाम पर पुलिस कांस्टेबल जैमल राम और नरेन्दं कुमार की ओर से पच्चीस हजार रुपये रिश्वत राशि मांग की जा रही है। जिस पर एसीबी पाली-द्वितीय टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खींवसिंह के नेतृत्व में ट्रेप की कार्रवाई करते हुए पुलिस कांस्टेबल जैमल राम और नरेन्दं कुमार को पच्चीस हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया गया है। वहीं मामले में जांच अधिकारी देउ पुलिस उपनिरीक्षक थाना खाण्डा फलसा की भूमिका की जांच की जा रही है।

# कैरियर काउंसलिंग सेमिनार करवाने को लेकर आवश्यक मिटिंग का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर( सुरेश शर्मा )।** विप्र फाउंडेशन व श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार युवा मंडल के पदाधिकारियों की एक संयुक्त मिटिग रेलवे स्टेशन स्थित श्री राम माध्यमिक विद्यालय में विप्र फाउंडेशन सरदारशहर के तहसील अध्यक्ष नारायण चन्द नाथोलिया की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री सुनील मिश्र ने सरदार शहर में 7 जुलाई रविवार को सुबह 10 बजे होने जा रहे बाबु शोभा चन्द जमड़ हांल में पहले कैरियर काउंसलिंग सेमिनार को पूरी तरह से सफल बनाने की अपील की व इस कार्यक्रम के लिए अलग-अलग प्रकार की जिम्मेदारियां टीम सदस्यों को देते हुए ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करने की अपील की।

इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन नगर अध्यक्ष अशोक पारीक व मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार युवा मंडल अध्यक्ष विकास सोनी ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। कि इस विशाल कैरियर काउंसलिंग सेमिनार में प्रख्यात मुख्य वक्ता सीकर जिले की सर्व श्रेष्ठ संस्थान मैट्रिक्स के डायरेक्टर श्री अनुपम अग्रवाल होंगे व सरदारशहर के साथ साथ दूसरे जिले के आई ए एस व आई पी एस अधिकारी भी मुख्य भूमिका में रहेंगे। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन सरदारशहर के तहसील महामंत्री महेंद्र देरासरी ने बताया कि इस अवसर पर शहर व देहात के कक्षा दसवीं, बारहवीं,व स्नातकोत्तर के सभी छात्र व छात्राएं उपस्थित हो सकती है,इस कैरियर काउंसलिंग सेमिनार में किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा, अत: ज्यादा से ज्यादा बच्चे इस कैरियर काउंसलिंग सेमिनार में भाग लेकर अपने कैरियर को सही दिशा में ले जाने का प्रयास करें। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा परिवार की तरफ से संभाग प्रभारी भरत गौड़ ने ऐसे आयोजन को छात्रहित में शानदार कदम बताया व ज्यादा से ज्यादा बच्चों को प्रोत्साहित करवाने का विश्वास दिलाया।मितल महाविद्यालय के प्राचार्य मृत्युंजय पारीक ने भी अपने विचार प्रस्तुत करते हुए अपने महाविद्यालय की तरफ से भी हर संभव सहयोग का विश्वास दिलाया। कल्प संस्थान के निदेशक व प्रमुख शिक्षाविद कमल ओझा ने भी सभी सरकारी व अर्द्ध सरकारी संस्थाओं को भी इस कार्यक्रम में भागीदारी निभाने की अपील की। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन देहात अध्यक्ष वरुण शर्मा, मांगीलाल सेवदा नरेंद्र सिंह राजपुरोहित, प्रवीण भोजक, डाक्टर राजेंद्र तिवाड़ी, पंडित सुरेन्द्र शर्मा मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार युवा मंडल के संरक्षक पवन रोड़ा, निखिल रोड़ा, भवानी शंकर भामा सहित कई अन्य समाज पदाधिकारी उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी विप्र फाउंडेशन सरदारशहर के मिडिया प्रभारी पवन चोटिया ने दी।



## निदेशक पर्यटन ने किया झुंझुनू जिले के पर्यटन विकास कार्यों का निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**झुंझुनू ( नि.स. )।** निदेशक पर्यटन विभाग रश्मि शर्मा ने सोमवार को झुंझुनू जिले में चल रहे पर्यटन विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अलसीसर के जोहड़े के सौंदर्यकरण एवं उसके आसपास किए जा रहे विभिन्न पर्यटन विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने कार्यकारी एजेंसी राजस्थान पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के सहायक अभियंता को निर्देशित किया कि बावड़ी की छतरियां के ऊपर बने भीत्ति-चित्रों का भी संरक्षण करें और चार दिवारी पर किए जाने वाले रंग रोगन को भी बावड़ी के हेरिटेज रंग के अनुरूप ही करें। उन्होंने सहायक निदेशक पर्यटन को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत आलसीसर के माध्यम से बावड़ी की आवश्यक साफ-सफाई सुनिश्चित करावे एवं बावड़ी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर इसका प्रचार प्रसार बढ़ाएं। इस अवसर पर निदेशक पर्यटन द्वारा वहां उपस्थित जनप्रतिनिधियों के साथ एक पौधारोपण कर पंचायत समिति के विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि बावड़ी के कैंपस में इस वर्षा ऋतु में संघन वृक्षारोपण किया जाए। बावड़ी के निरीक्षण के पश्चात निदेशक पर्यटन ने अलसीसर के हेरिटेज वॉकवे का भी निरीक्षण किया और सहायक निदेशक पर्यटन झुंझुनू को यहां की हवेलियों के मालिकों को इनकी बंद पड़ी हवेलियों को सदुपयोग में लेने एवं विभाग की हेरिटेज सर्टिफिकेट स्कीम व ग्रामीण पर्यटन पॉलिसी का लाभ लेने हेतु प्रेरित करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही हेरिटेज वॉकवे में उपस्थित विभिन्न हस्तशिल्पियों के कार्यों को देख उनके कला कौशल की प्रशंसा की। इस अवसर पर वहां अलसीसर पंचायत समिति के प्रधान घासीराम पूनिया, विकास अधिकारी विमल कुमार जांगिड़, अलसीसर सरपंच हारून भाटी व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। इसके पश्चात उन्होंने झुंझुनू शहर के पीपली चौक के निकट स्थित ऐतिहासिक मेड़तनी बावड़ी का भी निरीक्षण किया। बावड़ी के ऐतिहासिक महत्व एवं इसके कला और स्थापत्य सौंदर्य को देखते सहायक निदेशक पर्यटन देवेंद्र कुमार को निर्देश दिए की इस बावड़ी को राज्य के पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के द्वारा संरक्षित करवाने हेतु अतिशीघ्र आवश्यक कार्यवाही करें।

# भावी पीढ़ियों को वैश्विक तापन के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए सघन वृक्षारोपण करना ही होगा : जिला कलक्टर

### साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( नि.स. )।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि विद्युत एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग बिजली, पानी की आपूर्ति की शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेवे एवं 24ग7 नागरिकों की शिकायत लेने हेतु उपलब्ध रहें। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग अवैध कनेक्शन धारकों एवं विद्युत की चोरी कर राजस्व क्षति पहुंचाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही करें एवं प्राथमिकी दर्ज करायें। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम को देखते हुए क्षतिग्रस्त एवं ढीले तारों और टूटे खम्भों की त्वरित मरम्मत करायें। उन्होंने पीएचईडी को जल जीवन मिशन के कार्यां की सतत् समीक्षा करने एवं आंगनबाड़ी और विद्यालयों पर द्रुत गति से प्राथमिकता के साथ कनेक्शन करायें जायें।उन्होंने रसद विभाग को राशन डीलरों के विरूद्व शिकायतों पर जांच करें एवं दोषी पाये जाने पर उनके विरूद्व कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि भेड़ निष्क्रमण वाले चरवाहों के लिए राशन निकासी की व्यवस्था की जाये। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से वन भूमि अथवा राजस्व भूमि से मृदा का खनन करने वालों पर शास्ति आरोपित की जाये।

उन्होंने कहा कि सभी विभाग व्यापक रूप से वृक्षारोपण की तैयारियां करें एवं लक्ष्य के अधिक से अधिक वृक्ष लगायें। वृक्षारोपण आज के समय की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है, आने वाली पीढ़ियों को वैश्विक तापन के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए सघन वृक्षारोपण करना ही होगा। उन्होंने कृषि विभाग को सम्पूर्णता अभियान में लक्ष्य के अनुरूप मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किये जाने के निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि नगर परिषद द्वारा ड्रेनेज व्यवस्था एवं साफ-सफाई की समुचित मॉनिटरिंग की जाए। जिला कलक्टर ने कहा कि आवश्यक सेवाओं से संबंधित सभी विभाग शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें।

जिला कलक्टर ने कहा कि ई-फाइल का औसत निस्तारण समय कम से कम किए जाने हेतु प्रयास किए जाए। उन्होंने सम्पर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों एवं जन अभाव अभियोग के प्रकरणों का निस्तारण करने हेतु सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट, सीईओ जिला परिषद सुदर्शन सिंह तौमर, उपखण्ड अधिकारी धौलपुर साधना शर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## जिले के सभी छात्रावासों का निरीक्षण कर देखें व्यवस्थाएं : शेखावत

बढ़ता राजस्थान

**चूरू ( नि.स. )।** अतिरिक्त जिला कलक्टर उत्तम सिंह शेखावत ने सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में आवश्यक सेवाओं की समीक्षा बैठक ली और विभिन्न बिंदुओं पर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। इस मौके पर उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक नगेंद्र सिंह से कहा कि वे जिले में स्थित विभाग के समस्त छात्रावासों का निरीक्षण करें और सुनिश्चित करें कि छात्रावास में रहने वाले बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बिजली, पानी, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी सेवाओं सहित बिंदुओं पर विचार-विमर्श कर अधिकारियों को निर्देश दिए और कहा कि बिजली पानी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें और यह सुनिश्चित करें कि आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। मानसून के सीजन को देखते हुए खंभों में करंट आदि की आशंका को देखते हुए समुचित मॉनीटरिंग करें और यदि कहीं से शिकायत आ रही है तो तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करें। एडीएम ने संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि पोर्टल पर दर्ज होने वाले प्रकरणों की सघन मॉनीटरिंग करें और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। इस दौरान एसीईओ दुर्गा ढाका, संयुक्त निदेशक (आईटी) मनोज गर्वा, संयुक्त निदेशक (कृषि) जगदेव सिंह, एडिशनल सीएमएचओ डॉ अहसान गौरी, आईसीडीएस उपनिदेशक डॉ नरेंद्र शेखावत, डीएफओ भवानी सिंह, एडीपीआर कुमार अजय, सीडीईओ जगवीर सिंह, डीएसओ सुरेंद्र महला, पीएचईडी एसई रमेश राठी, प्रोजेक्ट एसई राममूर्ति, एसई डिस्कॉम वीआई परिहार, सानिवि एईएन चंचल, आयुर्वेद डीडी रामकृष्ण शर्मा, नगर परिषद आरओ अरविंद शर्मा, महिला अधिकारिता विभाग के प्रोटेक्शन ऑफिसर जयप्रकाश शर्मा, आईए बाबूलाल ढाका, श्रम विभाग के सुरजीत सिंह अधिकारीगण मौजूद रहे।

## डॉक्टर्स डे पर किया चिकित्सको सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( नि.स. )।** झालावाड़ जिले के चौमहला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौमहला पर सोमवार को डॉक्टर्सडे पर सेवानिवृत अध्यापक अशोक कुमार सोनी व रमेशचंद्र निगम द्वारा अस्पताल में कार्यरत वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ राजकुमार वाघेला व चिकित्सा अधिकारी डॉ राहुल उपाध्याय का साफा बांध कर श्री फल भेट कर सम्मान किया गया।इस अवसर पर अधयापक हरिश शर्मा, विपिन जैन, कुंदन चौहान, दीपक राठौर, दिनेश नीमा,सहित मेडिकल स्टाप मौजूद रहा।

## शहर की विधुत आपूर्ति मंगलवार को फिर होगी बाधित, तिवरिया फीडर पर चलेगा मरम्मत का कार्य

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** शहर में मंगलवार को सुबह तीन घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। धौलपुर रोड स्थित 33 केवी जीएसएस तिवरिया पर रखरखाव एवं मरम्मत का कार्य किया जाएगा। ऐसे में 33 केवी फीडर से जुड़े क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। डिस्कॉम के सहायक अभियंता कार्यालय के शहरी क्षेत्र के सहायक अभियंता अवधेश कुमार ने जानकारी दी है की द तिवरिया फीडर पर कुछ उपकरण खराब हो गए हैं। जिससे विद्युत आपूर्ति में बाधा आ रही है। ऐसे में सुचारू विद्युत आपूर्ति के लिए यह रखरखाव मरम्मत का कार्य किया जाएगा। जो सुबह साढ़े सात बजे से साढ़े दस बजे तक चलेगा। ऐसे में 33/ 11 केवी जीएसएस से जुड़े क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति तीन घण्टे बंद रहेगी।

**तिवरिया फीडर से जुड़ा है आधा शहर :** तिवरिया फीडर बाड़ी शहर का सबसे पुराना फीडर है। इससे आधा शहर जुड़ा हुआ है। तिवरिया फीडर से किलागेट, कोर्ट केम्पस, गांधी पार्क,कोट पाड़ा, सुनार गली,दिलवाई पाड़ा, कायस्थ पाड़ा,परशुराम धर्मशाला,सदर बाजार,बजरंग कॉलोनी,पुराना बाजार और आसपास का क्षेत्र जुड़ा हुआ है।

## उपखंड में रखा डेढ़ लाख पौधे लगाने का लक्ष्य, बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** उपखंड में रखा डेढ़ लाख पौधे लगाने का लक्ष्य इस संबंध में उपखंड अधिकारी कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई , राजस्थान सरकार द्वारा राज्य में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए सघन वृक्षारोपण करने राज्य के विभिन्न विभागों को अपने अपने स्तर पर वर्षा ऋतु में अपने अपने क्षेत्र में पौधारोपण करने के निर्देश जारी किए । इसकी क्रियान्वित के लिए सोमवार को निंबाड़ा उपखंड कार्यालय में उपखंड अधिकारी विकास पंचोली की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय अधिकारी गण एवं नगर की समाजसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी के साथ बैठक आयोजित की गई जिसमें क्षेत्र में करीब डेढ़ लाख पौधे लगाने का लक्ष्य दिया ।एसडीएम विकास पंचोली ने आमजन से एक पौधा मां के नाम या परिवार के अन्य सदस्य के नाम से पौधा लगाने का आह्वान किया ।एसडीएम पंचोली ने उपस्थित सभी से निम्बाहेड़ा क्षेत्र में सार्वजनिक स्थान, सड़क किनारे, राजकीय कार्यालय, सरकारी विद्यालयों सहित अन्य क्षेत्रों में लक्ष्य निर्धारित कर पौधारोपण करने का आह्वान किया वहीं क्षेत्र में औद्योगिक संस्थानों के अधिकारियों से सी एस आर विभाग से लक्ष्य निर्धारित कर खुद के स्तर पर पौधारोपण करने के साथ-साथ आमजन को भी पौधे उपलब्ध कराने के निर्देश दिए और पौधों का रखरखाव करने की जिम्मेदारी दी गई एसडीएम पंचोली ने समस्त विभव को लक्ष्य तय कर 6 जुलाई 2024 तक पौधारोपण करने के निर्देश दिए ।



## पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनाव का परिणाम जारी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनाव 30 जून को करायें गये थे जिनमें पंचायत समिति बसेड़ी, ग्राम पंचायत गुर्जा पर हुए सरपंच के उप चुनाव में बबलू निर्वाचित हुए हैं, वहीं पंचायत समिति धौलपुर के वार्ड नं. 12 के सरपंच के उप चुनाव में रामसहाय पंचायत समिति सदस्य निर्वाचित हुए हैं। वहीं वार्ड पंचों के चुनाव में ग्राम पंचायत कुनकुटा से महावीर, दौपुरा से रामोतार, निधेरा कलां से पवन कुमार, सिकरौंदा से धमेन्द्र, अलीगढ़ से मुरारी, सिंगोरई से धर्म सिंह, नकसौदा से पार्वती, बदरिया से लोहरे, आंगई से छोटी कुमारी ने निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

## फांसी का फंदा लगा युवक ने की जीवन लीला समाप्त

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( नि.स. ) ।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम चंदूवाली में एक युवक ने अपने ही घर में फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। आत्महत्या की सूचना पर स्थानीय थाना पुलिस व रोटी बैंक नि:शुल्क एंबुलेंस मौके पर पहुंची और शव को उतारकर बानसूर मॉर्चरी में पोस्टमॉर्टम के पहुंचाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मामला बानसूर के गांव चंदूवाली की टीबा की ढाणी का है। जहां एक युवक ने रविवार की रात को अपने ही कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने इसकी सूचना बानसूर थाना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को उतारा। युवक शादी शुदा है और उसके डेढ़ साल का एक बच्चा भी है। थाना प्रभारी अरुण सिंह ने बताया कि चंदूवाली के टीबा की ढाणी निवासी जसवंत यादव पुत्र छीतरमल यादव ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

सुबह 5 बजे पुलिस को परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंचे जहां युवक अपने ही कमरे में फंदे से लटका हुआ था। शव को उतारकर बानसूर मॉर्चरी में पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल पुलिस युवक की आत्महत्या के कारणों का पता लगानें में जुटीं है।



## ग्रीन चौमहला मिशन की हुई शुरुआत



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( नि.स. )।** झालावाड़ जिले के चौमहला आम नागरिक समिति के तत्वाधान में मानसून के पूर्व पूरे चौमहला क्षेत्र में तकरीबन 5000 पौधे लगाने के लक्ष्य को लेकर सोमवार को आम नागरिक समिति सदस्यों की उपस्थिति में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगधार एवम मुक्तिधाम परिसर चौमहला में 150 पौधे लगा कर ग्रीन चौमहला मिशन की शुरुवात की गई।आम नागरिकों ने सर्वप्रथम नीम एवम पीपल के पौधे लगा कर शुभारम्भ किया इसके साथ ही विभिन्न प्रजातियों के 5000 पौधे लगाने का लक्ष्य एवम संकल्प लिया इस दौरान उन्होंने कहा की नीम औषधीय गुणों से भरपूर है और नीम का पोधा बड़ा होने पर आय का स्त्रोत भी है आम नागरिक से अपील करते हुए कहा की प्रत्येक व्यक्ति ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए एवम उनका संरक्षण कर क्षेत्र को हरा भरा बनाए।

समिति सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मिशन की सोमवार से शुरुवात की गई है अत: ये कार्य लगातार 8 दिन तक चलेगा सभी आम नागरिक इसमें हिस्सा ले एवम जहा है हरियाली वहां है खुशहाली का नारा देते हुए आम जन से अधिक से अधिक इस मिशन में जुड़ने की अपील की गई।

## उपचुनाव की मतगणना संपन्न : चूरू पंचायत समिति के ब्लॉक संख्या 8 से सदस्य पद हेतु संजय कुमार व चूरू नगरपरिषद के वार्ड संख्या 11 के सदस्य पद हेतु समीरा भाटी निर्वाचित, रिटर्निंग अधिकारी बिजेन्द्र सिंह ने दिए प्रमाण-पत्र

बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश शर्मा )।** जिले की चूरू पंचायत समिति के ब्लॉक संख्या 8 सदस्य तथा चूरू नगरपरिषद के वार्ड संख्या 11 सदस्य के उपचुनाव हेतु 30 जून को डाले गए मतों की गणना सोमवार को चूरू पंचायत समिति सभागार में संपन्न हुई। रिटर्निंग अधिकारी (एसडीएम) बिजेंद्र सिंह ने बताया कि चूरू पंचायत समिति के ब्लॉक संख्या 8 के सदस्य पद हेतु संजय कुमार विजय रहे। चूरू पंचायत समिति के ब्लॉक संख्या 8 सदस्य पद के लिए 51.36 प्रतिशत मतदान हुआ था। प्रत्याशी संजय कुमार को 2677 मत हरेन्द्र कुमार को कुल 1100 मत मिले। वहीं नोटा पर 34 मत डाले गए। इसी क्रम चूरू नगरपरिषद के वार्ड संख्या 11 के सदस्य पद के लिए समीरा भाटी निर्वाचित हुए। चूरू नगरपरिषद के वार्ड संख्या 11 के लिए 65.37 प्रतिशत मतदान हुआ था। प्रत्याशी समीरा भाटी को 415 मत तथा खैरू निशा को 237 मत प्राप्त हुए। वहीं नोटा पर 3 मत डाले गए। मतगणना के उपरांत रिटर्निंग अधिकारी (एसडीएम) बिजेंद्र सिंह ने विजेता प्रत्याशियों को पद की गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए निर्वाचित का प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस दौरान तहसीलदार सुरेन्द्र पाल, सांवतराम, प्रेमसिंह, महेन्द्र, अशोक माहिच, आनंद सिंह, जयकरण सैनी, नायब तहसीलदार अमरसिंह आदि ने मतगणना में सहयोग किया।



## पांच वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

जयपुर,(का.स.)। ब्रह्मपुरी थाना इलाके में पांच वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि घर के बाहर खेल रही मासूम को 60 साल का पड़ोसी उठा ले गया। खुद के घर ले जाकर मासूम से गंदी हरकत की। थाने में बच्ची के पिता ने मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी हैं। पुलिस ने बताया कि ब्रह्मपुरी निवासी युवक ने मामला दर्ज करवाया है कि उसकी पांच वर्षीय की बच्ची से पड़ोस में रहने वाले 60 वर्षीय के व्यक्ति ने रेप किया। घर के बाहर शाम के समय मासूम बच्ची खेल रही थी। अकेला पाकर उसको आरोपी पड़ोसी ने इशारा कर अपने पास बुलाया। अकेले में मौका पाकर उसको उठाकर अपने घर ले गया। घर ले जाकर आरोपी पड़ोसी ने मासूम से दुष्कर्म किया। रोते हुए घर लौटी मासूम से परिजनों ने पूछा। डरी-सहमी मासूम को चुप करवाकर पूछने पर उसने परिजनों को आपबीती सुनाई। परिजनों ने ब्रह्मपुरी थाने में आरोपी पड़ोसी के खिलाफ मामला जर्द करवाया। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### 51वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, प्लांटेशन, चिकित्सको का सम्मान द्वारा मनाया डॉक्टर्स डे

# चिकित्सक होते है जमीन पर भगवान का दूसरा रूप : संजय शर्मा वन पर्यावरण राज्यमंत्री

बढ़ता राजस्थान




**अलवर (का.स.)।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन अलवर द्वारा 1 जुलाई 2024 को डॉक्टर्स डे बड़ी धूमधाम से मनाया गया ।कार्यक्रमों के तहत स्वेच्छिक रक्तदान शिविर, पौधारोपण एवं शाम को मुख्य कार्यक्रम में सीनियर चिकित्सको के सम्मान एवं चिकित्सको के बच्चो के सम्मान के साथ चिकित्सक दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया । इंडियन मेडिकल एसोसिएशन अलवर के अध्यक्ष डॉ. एस. सी. मित्तल ने बताया कि 01 जुलाई 2024 को सुबह 9 बजे से राजकीय राजीव गाँधी सामान्य चिकित्सालय अलवर के ब्लड बैंक में 51 चिकित्सको द्वारा बड़ी संख्या में आगे बढ़कर स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की ब्रांच सेंट जॉन एम्बुलेंस इंडिया अलवर शाखा के चेयरमैन एवं मित्तल हॉस्पिटल प्रशासक गिरीश गुप्ता ने अपने जीवन का 70 वीं बार रक्तदान किया । इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा प्रत्येक रक्तदाता को इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर के सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया । वही मुख्य अतिथि संजय शर्मा - राज. सरकार- वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) ने राजीव गाँधी चिकित्सालय के पार्क में पौधारोपण कर सभी को माँ के नाम एक पौधा लगाने पर जोर दिया। इस मौके पर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील चौहान, आई.एम.ए. अध्यक्ष डॉ. एस. सी. मित्तल, डिप्टी कंट्रोलर डॉ.विजय सिंह चौधरी सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक उपस्थित रहे । सांय 8.00 बजे मुख्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संजय शर्मा- राज. सरकार-वन,पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन, विज्ञान एवं प्रौधोगिकी विभाग के राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) , समारोह अध्यक्ष डॉ. के.के.गुप्ता , विशिष्ट अतिथि घनश्याम गुर्जर - महापौर नगर निगम अलवर रहे । आई.एम.ए. अलवर के सचिव डॉ. विजय सिंह चौधरी ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम के तहत आई.एम.ए.हाल , राजकीय राजीव गाँधी सामान्य चिकित्सालय अलवर परिसर में रात्रि 8 बजे इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर द्वारा सभी चिकित्सको का कुमकुम तिलक और चोकलेट द्वारा स्वागत किया गया । कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी अतिथियों ने डॉ.बी.सी.रॉय एवं गणेश जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि करके दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया ।डॉ.अनुरिता झा की बच्चियों द्वारा कत्थक के माध्यम से गणेश वंदना एवं स्वागत गीत पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । सभी अतिथियों को श्रीफल एवं दुपट्टा पहनकर स्वागत किया गया ।तद्पश्चात आई एम ए अध्यक्ष डॉ. एस. सी. मित्तल ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी का स्वागत करते हुए डॉ. बी.सी.रॉय की जीवनी पर प्रकाश डाला साथ ही डॉ. मित्तल ने मंत्री जी से आई.एम.ए. हॉल की छत पर कैसेट एयर कंडीशनर लगवाने एवं हॉल के बाहर की जगह को पक्का करवाने की माँग सभी के समक्ष रखी । मुख्य अतिथि संजय शर्मा ने अपने उद्बोधन के प्रारम्भ में चिकित्सको को भगवान का दूसरा रूप बताते हुए चिकित्सक दिवस की हार्दिक बधाई दी साथ ही कहा कि डॉक्टर्स ही वो कड़ी होती है जो जिंदगियो को बचने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ते है जिसका जीता जागता उदहारण अभी हाल ही में कोरोना काल में देखने को मिला था चिकित्सको ने अपनी जान की परवाह किये बगैर लोगो की देखभाल करके उनको नया जीवनदान प्रदान किया था ! वही विशिस्ट अतिथि के रूप में पधारे नगर निगम के महापौर घनश्याम गुर्जर ने भी सभी चिकित्सको को बधाई देते हुए कहा कि सामान्य चिकित्सालय हो या अन्य चिकित्सालय हो नगर निगम से सम्बंधित किसी भी काम को रुकने नहीं दिया जाएगा जल्द से जल्द प्राथमिकता पर वहां के कार्यो का निस्तारण किया जाएगा।



# आसमान में छाए बदरा जनता प्यासी लगाया जाम

बढ़ता राजस्थान

**अलवर( का.स. )।** सोमवार सुबह बदरा जमकर बरसे ।शहर में जगह-जगह पानी भर गया लेकिन ऐसे में फिर भी जनता के कंठ प्यास रहे । पिछले लगभग डेढ़ महीने में पानी का हाहाकार शहर सहित जिले भर में मचा हुआ है। इसको लेकर दर्जनों जगह जाम होने के बाद भी न शासन और ना प्रशासन चेता है। ऐसे में सोमवार को एक बार फिर बस स्टैंड क्षेत्र में जाम लगाकर महिलाओं ने पानी की मांग की । सूचना पाते ही अरावली विहार थाना अधिकारी गुरुदत्त सैनी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और समझाइश कर जाम खुलवाने का प्रयास किया। इधर जलदाय विभाग के कर्मचारी भी पहुंचे और पानी उपलब्ध कराए जाने का आश्वासन देकर जाम खुलवाया, लेकिन आप देखिए की जिले में एक राज्य सरकार से मंत्री है और केंद्र सरकार से एक मंत्री है उसके अलावा एक कैबिनेट मंत्री का दर्जा लिए हुए नेता प्रतिपक्ष हैं उसके बावजूद भी अलवर की जनता को इस बेबसी का सामना करना पड़ रहा है। इससे ज्यादा शर्म नाक हालात और कुछ नहीं हो सकते जब यह ये लोग जीतकर मंत्री बने तो जनता बड़ी खुश हुई और जनता ने सोचा कि अब किसी भी चीज की परेशानी नहीं होगी क्योंकि एक राज्य से और एक केंद्र से मंत्री अलवर ने दिया है लेकिन ऐसे में साफा, माला गुलदस्ता आदि से ही फुर्सत नहीं मिल पा रही जो कि जनता की तरफ देखें । शहर के जागरूक लोगों का कहना है कि पानी की किल्लत के चलते पूर्व शहर अध्यक्ष संजय शर्मा ने नथनी का बारां पहुंचकर अनशन किया धरना और प्रदर्शन किया, लेकिन अब जब राज्य में ये मंत्री है तो पानी को लेकर यह गंभीर नहीं है।

# शहर के रेलवे स्टेशन के पास फल-फ्रूट की दुकान में चोरो का धावा

## पच्चीस हजार की नकदी के साथ दस हजार के फ्रूट्स चुरा ले गए चोर

## पुलिस पर आरोप, नहीं कर सकी किसी भी चोरी की घटना का खुलासा

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (नि.स.)।** शहर के रेलवे स्टेशन के पास रविवार की देर रात एक फल-फ्रूट की दुकान में चोरी का मामला सामने आया है। चोरों द्वारा दुकान के दरवाजे के ताले को तोड़कर अंदर प्रवेश कर पेटी में रखे 20 से 25 हजार रुपए की नगदी को पार किया है। वहीं सेव,केला और आम से भरी 22 करेटो को चुरा कर ले गए हैं। जिनकी कीमत 10 से 15 हजार रुपए बताई जा रही है। घटना की सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच मामले की जांच की है। पीड़ित दुकानदार ने चोरी की घटना का मामला दर्ज कराया है। घटना को लेकर रेलवे स्टेशन के आसपास के दुकानदारों में आक्रोश देखा जा रहा है। शहर के धनोरा रोड निवासी पीड़ित दुकानदार सुंदर सिंह पुत्र करण सिंह कुशवाहा ने बताया कि वह रेलवे स्टेशन के सामने फल-फ्रूट की दुकान चलाता है। रविवार को शाम 8 बजे वह दुकान को बंद कर ताला लगाकर घर गया था। सोमवार सुबह 8 बजे जैसे ही दुकान पर पहुंचा,ताला टूटा मिला दुकान की रुपयों की पेटी खुली पड़ी थी और फल फ्रूट की करेटे गायब थी।

जैसे ही आसपास के दुकानदारों को चोरी की घटना का पता लगा तो मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और चोरी की घटना की जानकारी ली है। वहीं पीड़ित दुकानदार सुंदर सिंह पुत्र करण सिंह कुशवाहा ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। दुकानदारों का आरोप,नहीं हुआ आज तक चोरी की किसी भी घटना का खुलासा सराफा एवं स्वर्णकार संघ के हरिशंकर मंगल,व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमित मंगल,अग्रवाल समाज के युवा अध्यक्ष सचिन अग्रवाल आदि ने आरोप लगाया है की शहर में अब तक जितनी भी चोरियां हुई हैं। पुलिस की कार्रवाई केवल एफआईआर लिखने तक सीमित है।

# आदमपुर गांव में सरकारी भूमि पर सांठगांठ से चल रहा है निजी खाते में दर्ज करने का काम

## करोड़ो रूपये की साढ़े सोलह बीघा सिवायचक भूमि निजी खाते में दर्ज, आम रास्ते भूमि पर भी खातेदारी, ऐसे में किसानो का विरोध, झगड़े और विवाद की आशंका



### ग्रामीण महिला और पुरुष जिला कलेक्टर से भी लगा चुके गुहार

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** उपखंड के आदमपुर गांव में सरकारी भूमि पर भूमाफियाओं का कब्जा लगातार बढ़ रहा है केवल कब्जा ही नहीं भू माफियाओं द्वारा राजस्व विभाग के अधिकारियों से साठ-गांठ कर करोड़ो रुपयों की कई बीघा चरागाह भूमि को निजी खाते में दर्ज करा लिया है। यही नहीं हालत इतने बदतर है की आम रास्ते की भूमि पर भी कब्जा किया जा रहा है। जिससे गांव के दर्जनों किसान परिवार परेशान है और उन्होंने धौलपुर कलेक्टर तक को ज्ञापन देकर मामले से अवगत कराया है लेकिन मामले में कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

आदमपुर गांव निवासी पीड़ित विधवा सावित्री,किरण देई,सुनीता,शिमला सहित कई महिलाओं ने बताया कि उनके और परिवार की जीविका उपार्जन का एकमात्र साधन कृषि है। जिसको लेकर भी अब परेशानी आ रही है।

भू माफियाओं ने राजस्व विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों से सांठगांठ कर चारागाह भूमि और आम रास्ते की भूमि को अपने निजी खाते में दर्ज करा लिया है। ऐसे में भूमाफिया उक्त भूमि को कब्जे में लेने के साथ अब आम रास्ते को बंद कर रहे हैं। खेतों को जाने वाला यह आम रास्ता गांव के श्मशान घाट को भी जाता है। इसके बंद होने पर वह किस प्रकार खेती करेंगे। इसको लेकर उन्होंने जिला कलेक्टर तक को मामले से अवगत करा कार्रवाई की मांग की है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही।

### क्या है पूरा मामला

आदमपुर गांव में किसानों की काश्तकारी भूमि के साथ कई बीघा सरकारी चरागाह भूमि डली हुई है। जिन किसानों के खेतों के पास में यह भूमि है। वे उस पर लगातार कब्जा बनाए हुए हैं। कुछ किसानों ने उक्त भूमि में से डेढ़ बीघा भूमि आम रास्ते के पास और 15 बीघा भूमि श्मशान घाट के पास राजस्व विभाग के कर्मचारियों से सांठगांठ कर अपने नाम करा ली है और अब वह उस पर कब्जा करना चाहते हैं। इसी को लेकर अन्य किसानों को परेशानी हो रही है।

# राजकीय महाविधालय में नये आपराधिक कानूनों पर की चर्चा

## 01 जुलाई से आरम्भ हुआ शिक्षण कार्य

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (नि.स.)।** कस्बे के राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय में सोमवार को नये आपराधिक कानूनों पर चर्चा की गई। प्राचार्य प्रो. आर. के. सिंह ने बताया कि 01 जुलाई से भारत में नये आपराधिक कानून लागू हो गये है। ब्रिटिश काल से चले आ रहे पूराने कानूनों के स्थान पर नये कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम के लागू होने से पुराने कानून समाप्त हो गये है। सज्जन सिंह यादव ने इन कानूनों के प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नवीन सत्र के प्रथम कार्य दिवस पर प्राचार्य ने नवीन सत्र की शुभकामनायें देते हुये कहा कि सभी संकाय सदस्यों को समर्पण भाव से अपना कार्य करना चाहिये। कॉलेज शिक्षा आयुक्त पुखराज सैन, प्रमुख शासन सचिव सुबीर कुमार ने नवीन सत्र के शुभारम्भ पर संकाय सदस्यों को ऑनलाईन सम्बोधित करते हुये कहा कि महाविधालय के शैक्षणिक व अशैक्षणिक कार्य करते हुये हमें नवाचारों को प्राथमिकता देनी चाहिये। उन्होंने सत्र के प्रथम दिवस से ही शिक्षण कार्य आरम्भ करने के लिये प्रेरित किया। इस दौरान समस्त शैक्षणिक व अशैक्षणिक अधिकारी-कर्मचारी एवं विधार्थी मौजूद रहे।

# विश्व हिन्दू परिषद की बैठक का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (नि.स.)।** राजमार्ग स्थित मोरीजावाला धर्मशाला में सोमवार को विश्व हिन्दू परिषद की जिला बैठक का आयोजन हुआ। जिला मंत्री महावीर सिंह ने आगामी स्थापना दिवस, अखंड भारत दिवस, अमरनाथ यात्रा आदि कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस (जन्माष्टमी ) कार्यक्रम जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर तक मनाने का लक्ष्य लिया। जिलाध्यक्ष रामविलास सिंघल ने बताया कि यह संक्रमण काल है। प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि हर हिन्दू में हिंदुत्व का भाव जाग्रत करें। वह राष्ट्र हित, धर्म हित से ओतप्रोत हो। जिला संयोजक नेमीचंद ने प्रतिवर्ष बजरंग दल द्वारा बूढ़ा अमरनाथ यात्रा के बारे में विस्तार से बताया तथा कार्यकर्ताओं से इस यात्रा में भाग लेने का आह्वान किया। बजरंग दल जिला सह संयोजक सुरेंद्र, सुनीता कंवर ने साप्ताहिक सत्संग के बारे में बताया। इस मौके पर नगर सुरक्षा प्रमुख गौरव पांडे, नगर बलोपासना प्रमुख अमरजीत सोनी को नवीन दायित्व दिया गया। बजरंग दल नगर संयोजक हुकम सिंह लखेरा ने बताया कि बजरंग दल की ईकाई हर खंड व प्रखंड तक कार्यकारिणी का गठन कर आगामी दिनों में अखण्ड भारत के कार्यक्रम आयोजित करेगी। इस दौरान जिला सहमंत्री अशोक कोठाला, कोष अध्यक्ष रामसिंह सैनी, नरेंद्र सिंह चौहान, अशोक राजोरा, वीरेन्द्र सैनी, नरेंद्र हिन्दू, हुकम सिंह लखेरा, पिंकी, बाला, राजेन्द्र, संदीप सैनी, तूफान सोनी, नरेंद्र सिंह, किशोर कुमार सैनी, संजय हिन्दू, मनीष जोशी, अक्षत सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रक्तदान शिविर आयोजित 123 यूनिट ब्लड एकत्र किया



बढ़ता राजस्थान

**अलवर( का.स. )।** रोटरी क्लब अलवर शौर्य एवं मत्स्य उद्योग संघ अलवर द्वारा रक्तदान शिविर, संघ भवन एम.आई ए मे लगाया गया। ब्लड बैंक कि टीम राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय से आई थी। इस शिविर मे कुल 123 यूनिट ब्लड एकत्र किया गया। एम.आई.ए से विभिन्न ईकाईयो के मालिक, स्टाफ एवं मजदूर एवं शौर्य क्लब कि सदस्याओ ने उत्साह से रक्तदान कर इस शिविर को सफल बनाया। उद्योग संघ के अध्यक्ष गोविंद गर्ग, सचिव अजय आनंद गोयल, पी.डी.ज. रोटेरियन क्रांति मेहता, स्वाति मित्तल व शौर्य क्लब से अध्यक्ष सुनीता मित्तल सचिव पारुल गुप्ता शिविर संयोजक रोज़पूजा कालानी, रो. रितु श्यामसुखा एवं क्लब के अन्य सदस्य मौजूद थे।क्लब द्वारा डाक्टर्स डे एवं सी. ए डे के उपलक्ष पर शौर्य क्लब के डॉ. निधि सोलंकी, रो. सि.ए शैली अग्रवाल को सम्मानित कीया। पुण्य के काम के क्रम मे, क्लब की ओर से एक वाटर कूलर कि स्थापना भी एम. आई.ए स्थित मंदिर मे की गई।

# गर्मियों की 45 दिन की छुट्टियों के बाद खुलें स्कूल लौटी रौनक,छात्रों में भी दिखा पहले दिन उत्साह का माहौल

## पीएमश्री स्कूल शेरपुर में शिक्षकों ने तिलक और फूलों से बच्चों का किया गर्मजोशी से स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** ग्रीष्मावकाश की 45 दिन की छुट्टियों के बाद सोमवार से स्कूलों में शैक्षणिक गतिविधियां शुरू होने के साथ चहल चहल शुरू हुई। प्रार्थना सभा और टन टना टन घंटी की आवाज के साथ स्कूलों में लंबे समय बाद रौनक लौटने लगी है। जिले में ट्रेन वाली स्कूल के नाम से चर्चित पीएमश्री राजकीय महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल शेरपुर में संस्था प्रधान राजेश शर्मा की अगुवाई में पहले दिन विद्यार्थियों के परंपरागत ढंग स्वागत के साथ स्कूल में शिक्षण कार्य की शुरुआत हुई । छुट्टियों के बाद शिक्षकों ने पूरे स्कूल परिसर की साफ सफाई के साथ रंगोली, गुब्बारों व पतंगों के साथ आकर्षक ढंग से सजाया गया। छात्रों में भी पहले दिन काफी उत्साह नजर आया। स्कूल के मुख्य द्वार पर प्रधानाध्यापक राजेश शर्मा, शारीरिक शिक्षिका रागिनी त्रिवेदी,अध्यापक सुरेश कुमार,अमित कुमार शर्मा, शैलेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह, हरी शंकर शर्मा, रामशंकर व विरखू लाल ने छात्रों का तिलक लगाकर , माल्यार्पण व आरती उतारकर स्वागत किया। इस दौरान शिक्षकों ने छात्रों को चॉकलेट देकर मुंह मीठा कराया और क्लास रूमों में ताली बजाकर प्रवेश करा कर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान स्कूल प्रबंधन की ओर से जरूरत के हिसाब से हरेक छात्र को कॉपी , पैन पेंसिल , पहाड़े आदि शिक्षण सामग्री प्रदान की गई तथा छात्रों के लिए विशेष भोजन की भी व्यवस्था की गई ।प्रधानाध्यापक राजेश शर्मा ने कहा कि आमजन में सरकारी स्कूलों के प्रति नजरिए में बदलाव आए और समाज में शिक्षकों की छवि निखरे इसी मुहिम को लेकर कॉन्वेंट स्कूल की तरह ही शेरपुर स्कूल का संचालन कर बेहतरीन पढ़ाई के साथ छात्रों की मूलभूत जरूरतों का ध्यान रखते हुए बालकों को आकर्षक कैम्पस और शैक्षिक माहौल प्रदान कराया जा रहा है।

# नेशनल डॉक्टर्स डे पर परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** नेशनल डॉक्टर्स डे के अवसर पर आकाशवाणी स्टूडियो में सोमवार को थैंक्स टू डॉक्टर थीम पर आधारित परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें डिप्टी सीएमएचओ डॉ. प्रमोद सिंह भदौरिया, डॉ. विक्रम सिंह यादव, डॉ. अमित यादव समेत अन्य चिकित्सकों ने भाग लिया। विकास वर्मा ने अतिथियों के साथ विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर चिकित्सकों ने अपने अनुभव साझा किये व स्वस्थ तथा खुशहाल जीवन जीने के टिप्स बताये।

दिनेश पटवा ने बताया कि कार्यक्रम एफएम बैण्ड 101.9 मेगाहर्टज पर सुबह 10 बजे रेडियो व मोबाईल एफएम पर प्रसारित हुआ। केन्द्र प्रभारी राजेन्द्र सिंह तंवर ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान जितेन्द्र शर्मा, पवन शर्मा, विरेन्द्र सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

# पुलिस की कार्यशाला का आयोजन, सीएलजी सदस्यों सहित पुलिस मित्रों ने लिया भाग

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर( राजू शर्मा )।** शहर के पंचायत समिति सभागार में सोमवार को पुलिस की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान वीसी के माध्यम से पुलिस से जुड़े विभिन्न कानून की जानकारी दी गई और कानून में किए गए संशोधन को विस्तार से समझाया गया। भारतीय दंड संहिता के नाम से लागू हुई यह कानून अब पुलिस कार्रवाई में काम आएंगे जिसको लेकर पुलिस के अधिकारियों के साथ पुलिस से जुड़े शांति समिति के सदस्यों,पुलिस मित्रों, काउंसलर एवं शहर के समाजसेवियों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। बाड़ी कोतवाली थाना अधिकारी शिवलहरी मीणा ने बताया की पुलिस की यह कार्यशाला नए कानून को लेकर रखी गई थी। जिसमें भारतीय दंड संहिता के नए कानून की जानकारी दी है। कार्यशाला के दौरान सदर थाना अधिकारी विनोद कुमार,वसई डांग थाना अधिकारी घनश्याम सिंह,नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रविंद्र सिंह,सीएलजी सदस्य अनिल गोयल, रामकुमार चौधरी,पुलिस थाने की महिला काउंसलर एडवोकेट संध्या भारद्वाज,काजल परमार, नासिर खान,शिवदयाल समाधिया सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## भारत सरकार द्वारा लागू तीन नये अधिनियमो एवं विधि प्रावधानों संबंधी जागरूकता हेतु उपकारागृह कपासन में शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** ताल्लुका विधिक सेवा समिति द्वारा बंदियों को विधि प्रावधानों एवं भारत सरकार द्वारा लागू तीन नये अधिनियमों के संबंध में जागरूक करने हेतु सोमवार को उपकारागृह में जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जानकारी अनुसार अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश कपासन डॉ. महेन्द्र सोलंकी के निर्देशानुसार ताल्लुका विधिक सेवा समिति एवं उपकारागृह कपासन के संयुक्त तत्वावधान में बंदियों को विधि प्रावधानों संबंधी जागरूक करने हेतु शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में पैनल अधिवक्ता सुरेश बापना एवं पीएलवी प्रकाश सुथार द्वारा बंदियों को लागू होने वाले नये कानूनों के संबंध में जानकारी प्रदान की तथा बताया कि भारत सरकार ने भारतीय दण्ड संहिता 1860 दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के स्थान पर क्रमशः भारतीय न्याय संहिता 2023 भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को 1 जुलाई 2024 से लागू किया जा रहा है।इसी क्रम में नये कानूनो के तहत अंडर ट्रायल कैदियों के प्रकरणों का निस्तारण 3 साल में अनिवार्य रूप से किया जायेगा। इस दौरान ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन सचिव देव तिवारी,उपकारापाल उपकारागृह कपासन सीताराम यादव, गिरिराज यादव,सुरेश कुमार,जगदीश एवं रणजीत आदि उपकारागृह के स्टाफगण उपस्थित रहे।

## विश्व चिकित्सक दिवस पर पंचकर्म विशिष्टता केन्द्र का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**बून्दी, ( नि.स. )।** विश्व चिकित्सक दिवस के अवसर पर सोमवार को बालचंदपाडा स्थित राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय के पंचकर्म विशिष्टता केन्द्र में संचालित 9 दिवसीय पंचकर्म चिकित्सा शिविर का अतिरिक्त जिला कलक्टर सीलिंग नवरत्न कोली ने निरीक्षण कर उपचाराधीन रोगियों से फीडबैक प्राप्त किए तथा प्रभारी पंचकर्म विशेषज्ञ डॉ सुनील कुशवाह को रोगी सुविधाएं बढ़ाने संबंधी निर्देश दिए। प्रभारी डॉ सुनील कुशवाह ने बताया कि इस शिविर में 8 दिनों में अब तक देश के 4 राज्यों के 13 जिलों के 767 रोगी उपचारित हो चुके हैं। इस शिविर में मुख्य रूप से ओस्टियोआर्थराइटिस,सिएटिका, वेरिकोज वैन,न्यूरोमस्कुलर डिजिज, एवीएन, पैरालाइसिस, फ्रोजन शोल्डर,आमवात, कमरदर्द, माइग्रेन, तनाव, अनिद्रा - बच्चों के जन्मजात विकृतिजन्य विकार आदि जटिल कष्टसाध्य रोगियों का एकांग-सर्वांग अभ्यंग स्वेदन, पीपीएस, बस्तिकर्म, नस्य, रक्तमोक्षणध्सिरावेध, शिरोधारा माइंड मसाज, जानुधारा, कटिग्रीवाजानूबस्ति, लेप आदि शास्त्रीय उपक्रमों के साथ साथ अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों से उपचार किया जा रहा है। कल इस शिविर का समापन होगा।

## नीट का परिणाम जारी अभ्यर्थियों की बदली रैंक

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** नीट यूजी को लेकर हुए विवादों के कारण नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 1563 कैंडिडेट्स को बोनस अंक दिए थे, यह बोनस अंक वापस ले लिए हैं और उसके बाद 23 जून को परीक्षा आयोजित की थी। जिसकी आंसर-की और परिणाम भी 30 जून को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने जारी कर दिया है। इसके बाद रिवाइज्ड परिणाम भी जारी हुआ है। जिसके बाद कई अभ्यर्थियों की रैंक में बदलाव भी हुआ है। एजुकेशन एक्सपर्ट के अनुसार 1563 अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी किए थे, लेकिन 813 अभ्यर्थियों ने ही दोबारा परीक्षा दी है, इन अभ्यर्थियों के लिए 28 जून को आंसर की और ओएमआर शीट की स्कैंड कॉपी जारी की गई थी। जिस पर आपत्ति के लिए एक दिन का समय कैंडिडेट को दिया गया था। जिसके बाद 30 जून शाम को फाइनल आंसर-की जारी की गई थी, जिसमें कोई भी प्रश्न ड्रॉप नहीं किया गया। इसके बाद देर रात को अभ्यर्थियों को उनके नीट यूजी के स्कोर कार्ड और परिणाम जारी कर दिया है। इस बार परिणाम डाउनलोड करने के लिए एप्लीकेशन नंबर और डेट ऑफ बर्थ के साथ ईमेल आईडी या फिर रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर मांगा गया है. ताकि कैंडिडेट ही अपना स्कोर कार्ड डाउनलोड कर सके, अन्य कोई व्यक्ति नहीं डाउनलोड नहीं कर सके. जबकि इसके पहले केवल एप्लीकेशन नंबर और डेट ऑफ बर्थ के जरिए यह डाउनलोड किया जा सकता था। परिणाम के साथ ही ऑल इंडिया रैंक में भी बदलाव हुआ है, क्योंकि ग्रेस या कंपनसेटरी मार्क्स कैंडिडेट्स को मिले थे, उन्हें हटाकर अब इस री-नीट परीक्षा का परिणाम जोड़ा गया है। हालांकि अभी सार्वजनिक रूप में अभ्यर्थियों की टॉप रैंक या अन्य जानकारी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने साझा नहीं की है।

## ऊर्जा मंत्री ने सांगोद पंचायत समिति में ली बैठक

# निर्माण कार्यों में मापदंड एवं गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए : ऊर्जा मंत्री

बढ़ता राजस्थान



**कोटा( का.स. )।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर की अध्यक्षता में सोमवार को पंचायत समिति सांगोद में बैठक आयोजित की गई जिसमें ऊर्जा मंत्री ने निर्देश दिए कि सड़क निर्माण एवं ग्राम विकास संबंधी कार्यों में सभी तकनीकी मापदंड सुनिश्चित किए जाएं एवं आदर्श मानकों पर गुणवत्तापूर्ण सड़क, सामुदायिक भवन एवं अन्य निर्माण कार्यों को पूर्ण किया जाए।

ऊर्जा मंत्री ने बारिश के मौसम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को एन्टी लार्वा एक्टिविटी और सघन करने व स्वास्थ्य केंद्रों पर समस्त व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु में जल भराव वाले क्षेत्रों को पहले ही चिन्हित करें एवं अतिवृष्टि की स्थिति में क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित स्थान पर विस्थापित करने के लिए संसाधन तैयार रखें। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बारिश के मौसम में सतर्कता बरती जाए एवं पुराने व फॉल्ट तार बदलना सुनिश्चित करें ताकि कोई विद्युतजनित दुर्घटना ना हो। उन्होंने कहा कि बिजली संबंधी शिकायतों के लिए ग्राम पंचायत स्तर व खंड स्तर पर शिकायत निवारण व्हाट्सएप ग्रुप बनाए जाएं ताकि आमजन की समस्याओं का समाधान अविलंब किया जा सके। ऊर्जा मंत्री ने टूटी सड़कों की मरम्मत संबंधी प्रपोजल तैयार कर प्रस्तुत करने, जीर्ण-शीर्ण विद्यालयों की सूची बनाने व जिन विद्यालयों में अतिरिक्त कक्ष बनाए जाने हैं उनका प्रपोजल तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को पाबंद किया कि आमजन की जमीनों का सीमाज्ञान, खेतों तक पहुंचने के रास्ते व अतिक्रमण संबंधी परिवादों का त्वरित निवारण करें। बैठक में जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, प्रधान जयवीर सिंह, उप प्रधान ओम नागर अडूसा, जिला परिषद सदस्य किशनचंद, अध्यक्ष मार्केटिंग सोसायटी सांगोद ओम मेहता, खंड विकास अधिकारी रामावतार मीणा सहित पुलिस, शिक्षा, विद्युत, कृषि, पंचायती राज, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पीएचईडी एवं अन्य विभागों के अधिकारी व कार्मिक में उपस्थित रहे।

### पंचायत समिति परिसर में पौधारोपण

ऊर्जा मंत्री ने इस अवसर पर 'एक-पेड़-माँ-के-नाम' अभियान के तहत सांगोद में पंचायत समिति परिसर में पौधारोपण किया। उन्होंने प्रशासन को सघन पौधारोपण अभियान चलाने की कार्य योजना एवं स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए।

### ऊर्जा मंत्री ने की जनसुनवाई

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने सोमवार को सांगोद पंचायत समिति परिसर में आयोजित जनसुनवाई के दौरान आमजन के अभाव अभियोग सुने। जनसुनवाई के दौरान बिजली, पानी, अतिक्रमण हटाने एवं राजस्व संबंधी प्रकरण प्राप्त हुए। उन्होंने प्राप्त परिवादों के निस्तारण के संबंध में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## लायंस क्लब कपासन ने चिकित्साकर्मियों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को प्रशस्ति पत्र एवं उपरना ओढ़ाकर सम्मानित किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** लॉयन वाद नववर्ष 2024-25 के प्रथम दिवस पर स्थानीय लायंस क्लब के पदाधिकारियों द्वारा सोमवार को डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में उपजिला चिकित्सालय कपासन में कार्यरत तथा क्षेत्र में सेवा देने वाले अन्य चिकित्सकों को प्रशस्ति पत्र एवं उपरना ओढ़ाकर स्वागत अभिनंदन के साथ सम्मानित किया गया।इस मौके पर उपस्थित नर्सिंगकर्मियों का भी लायंस क्लब के पदाधिकारियों द्वारा उपरना ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया।साथ ही लायंस क्लब कपासन के तत्वावधान में सीए डे के उपलक्ष्य में नगर के 4 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को प्रशस्ति पत्र एवं उपरना ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर लायंस क्लब कपासन अध्यक्ष बालेंद्र कोठारी,राकेश सोमानी, कैलाशचंद्र मंडोवरा, डॉ. सुग्रीव मीणा,डॉ. नितिन कलाल,डॉ. नीरज शर्मा,सीनियर नर्सिंग ऑफिसर भूरालाल कुमावत, नर्सिंगकर्मी नारायणलाल सेन,नीलम रेगर, प्रदीप शर्मा,राजकुमारी आमेटा,लायंस क्लब के दामोदर सोमानी,नवीन कमल एवं अनिल बजाज आदि लायंस क्लब के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## अब जिले के अस्पताल होंगे हरे-भरे, सीएमएचओ ने पौधा लगाकर शुरू किया हरि-वन वृक्षारोपण अभियान

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** राज्य सरकार के निर्देश पर पर्यावरण संरक्षण और अस्पतालों को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से सोमवार को जिले में हरि-वन वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत हुई। सीएमएचओ डॉ जगदीश सोनी ने स्वास्थ्य भवन के प्रांगण में पौधे लगाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर विभाग के अन्य कार्मिकों ने भी अपने-अपने नाम से एक-एक पौधा लगाया। इन पौधों को वृक्ष बनने तक खाद-पानी देने, सुरक्षा का ध्यान रखने और नियमित देखरेख करने का संकल्प लिया। सीएमएचओ डॉ जगदीश सोनी ने बताया कि पूरे स्वास्थ्य भवन परिसर में कुल 22 पौधे लगाए गए हैं। इन्हे मिलाकर जिलेभर मे अब तक 3413 पौधे लगाए जा चुके हैं। इसमें 2726 छांयादार और 687 फलदार पौधे शामिल हैं। विश्व पर्यावरण दिवस पर लगाए पौधो की संख्या भी इसमे काउंट हैं। सीएमएचओ डॉ सोनी ने बताया कि यह अभियान 31 जलाई तक चलेगा। इस दौरान सभी चिकित्सा संस्थानों में 17 हजार 875 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के सफल संचालन, समन्वय एवं रिपोर्टिंग आदि के लिए कार्यालय के डॉ संतोष नागर को प्रभारी बनाया गया है। विभाग के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को भी लक्ष्य आंवटित कर पौधारोपण करवाने की जिम्मेदारियां सौंपी गई है। सीएमएचओ ने बताया कि अभियान के पहले दिन सोमवार को पल्स पोलियो का घर-घर अभियान होने के चलते कम पौधारोपण हो पाया। फिर भी शहर और जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कई चिकित्सा संस्थानों के परिसरों में संबधित बीसीएमओ व चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों द्वारा पौधारोपण किया और देखरेख का संकल्प लिया। शहर के टीबी क्लिनिक परिसर में डीटीओ डॉ एसएन मीणा व उनके कार्यालय स्टाफ ने भी पौधारोपण किया।

## स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के स्थापना दिवस पर वृक्षारोपण किया




बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के स्थापना दिवस पर सोमवार को गौशाला में वृक्षारोपण किया गया। भारत विकास परिषद कपासन अध्यक्ष कमल कुमार दाधीच ने बताया कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के स्थापना दिवस पर शाखा प्रबंधक राजेंद्र बैरवा द्वारा भारत विकास परिषद के संयोजन में नगर के जाशमा मार्ग स्थित गोवर्धन गौशाला मे वृक्षारोपण किया गया।

इस अवसर पर निवर्तमान मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा चाष्टा,भारत विकास परिषद के बादशाह सिंह,गोपाललाल सुथार, महेंद्रमोहन दाधीच, भगवतीलाल सोमानी, राजेंद्र काबरा सहित गौ सेवक एवं स्थानीय भारत विकास परिषद के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## आवासन मण्डल स्कूल ने राष्ट्रीय कब बुलबुल महोत्सव में फहराया राजस्थान का परचम, पहली बार राजस्थान ने जीती राष्ट्रीय चैम्पियनशिप

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** भारत स्काउट एवं गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा बरौनी बिहार में आयोजित राष्ट्रीय कब बुलबुल महोत्सव में राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ कोटा दक्षिण के ग्रुप राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आवासन मंडल केशवपुरा के कब बुलबुल ने राजस्थान का परचम फहराया है।

कोटा से गए दल ने स्काउट गाइड प्रभारी प्रकाश जायसवाल के नेतृत्व में अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए पहली बार राष्ट्रीय चैम्पियनशिप प्राप्त की है। प्रधानाचार्या ममता चौधरी ने बताया कि 26 से 30 जून तक राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में बिहार राज्य में बेगूसराय जिले के बरौनी स्थित वीरेंद्र शर्मा स्काउट पार्क में कब बुलबुल राष्ट्रीय महोत्सव आयोजित किया गया था। स्थानीय विद्यालय के स्काउट गाइड प्रभारी प्रकाश जायसवाल के नेतृत्व में मीनाक्षी महावर, नीलम पारेता एवं नंदिनी प्रजापति सहित 19 सदस्यीय दल ने राष्ट्रीय महोत्सव में भाग लिया। जहां कब बुलबुल ग्रीटिंग, ग्रांड सैल्यूट, जंगल डांस, तारा स्टोरी, सिक्स कॉर्नर, बुलबुल ट्री, स्टोरी टेलिंग, प्ले, एक्टिंग, मॉडल मेकिंग, पेपर कटिंग, ड्राइंग, पेंटिंग, ग्रुप सॉन्ग, ग्रुप डांस, रेड फ्लावर और कलरव, प्रदर्शनी सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं व गतिविधियां आयोजित हुई। जायसवाल ने बताया कि स्थानीय विद्यालय के दल ने पहले दिन से ही आयोजित प्रतियोगिताओं व गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप की ओर रुख कर लिया था। तत्पश्चात दिन प्रतिदिन की आयोजित प्रतियोगिताओं में कब बुलबुल ने अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए चैंपियन शिप पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। उन्होंने बताया कि आखिर समापन समारोह में जब चैंपियनशिप राजस्थान के नाम हुई तो खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इस दौरान दाल बाटी चूरमा - हम राजस्थानी सूरमा के नारों से महोत्सव को गुंजायमान कर दिया।

# रोटरी क्लब गोद लेकर बनाएगा आदर्श वार्ड, थेलेसिमिक बच्चों के लिए रक्त जाँच की अत्याधुनिक मशीन लगाएंगे

### नवनियुक्त अध्यक्ष मुकेश व्यास ने किया पदभार ग्रहण, सत्र 2024- 25 के सेवाकार्यों की जानकारी दी, पोस्टर का किया विमोचन

बढ़ता राजस्थान




**कोटा ( का.स. )।** रोटरी क्लब के नवनियुक्त अध्यक्ष मुकेश व्यास तथा सचिव घनश्याम मूंदड़ा ने रविवार को पदभार ग्रहण किया। रोटरी क्लब के प्रवक्ता संजय गोयल ने बताया कि पदभार ग्रहण करने से पूर्व पूजा अर्चना और पौधरोपण किया गया। इस दौरान अध्यक्ष मुकेश व्यास तथा सचिव घनश्याम मूंदड़ा ने सत्र 2024- 25 में किए जाने वाले सेवाकार्यों की जानकारी दी। क्लब अध्यक्ष व्यास ने कहा कि इस वर्ष रोटरी क्लब कोटा द्वारा शिक्षा, रोजगार, चिकित्सा, पर्यावरण, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, सीनियर सिटीजन और बच्चों के लिए उल्लेखनीय कार्य किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मिशन दृष्टि के तहत सरकारी स्कूलों में 9वीं से 12वीं तक के बच्चों की आंखों की जांच व ब्लड ग्रुप टेस्ट कराया जाएगा। जरूरतमंद बच्चों को चश्मे भी दिए जाएंगे। यह कैंप हर 15 दिन में एक स्कूल में लगाया जाएगा। कोटा ब्लड बैंक सोसायटी में थैलेसीमिक बच्चों के लिए एक रक्त जांच अत्याधुनिक मशीन लगाई जाएगी। रोटरी क्लब कोटा और भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति के सहयोग से दिव्यांगों के लिए जयपुर फुट का केम्प लगाया जाएगा। शिविर में दिव्यांगों के लिए ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर और बैसाखी तथा कम सुनने वालों को निशुल्क मशीन वितरित की जाएगी। किडनी डोनर व आई डोनर का सम्मान समारोह भी आयोजित होगा। सचिव घनश्याम मूंदड़ा ने बताया कि कोटा नगर निगम दक्षिण से वार्ड नंबर 21 को गोद लेकर आदर्श वार्ड बनाएंगे। इस वार्ड में पौधरोपण, स्वच्छता के लिए काम करेंगे। क्लब की ओर से पर्यावरण को सुरक्षित रखने के पौधरोपण की स्वस्थ प्रतिस्पर्धा आयोजित की जाएगी। जिसके माध्यम से हर सदस्य अधिकतम पौधे लगाकर उनकी देखभाल करेंगे। प्रवक्ता संजय गोयल ने बताया कि रोटरी क्लब द्वारा संचालित देवनारायण रोटरी पब्लिक स्कूल को आठवीं कक्षा तक क्रमोन्नत करने का प्रयास किया जाएगा। अभी वहां मात्र 100 रुपया प्रतिमाह शुल्क पर 300 बच्चे पढ़ रहे हैं। स्कूल में निर्धन महिलाओं को रोजगार के लिए सिलाई केंद्र खोलेंगे। रोटरी क्लब द्वारा हर महीने महिलाओं के लिए एक सेमिनार आयोजित किया जाएगा। जिसमें महिलाओं को कैंसर रोकथाम, गायनो, ब्यूटीशियन की सेमीनार व केम्प आयोजित किए जाएंगे। क्लब द्वारा गर्भवती महिलाओं के लिए गर्भ संस्कार शिविर लगाएंगे। क्लब द्वारा प्रतिभाओ को खोजने के लिए हर महीने ओपन माइक कार्यक्रम रखेंगे। अखिल भारतीय स्तर पर कवि सम्मेलन व कल्चर प्रोग्राम होंगे। केम्प के माध्यम से बच्चों को योग, मेडिटेशन, डांस आदि सिखाए जाएंगे। सीनियर सिटीजन सदस्यों के लिए रोटरी क्लब में मनोरंजन की व्यवस्था की जाएगी। इस अवसर पर सचिव घनश्याम मूंदड़ा, क्लब ट्रेनर बीएल गुप्ता, आगामी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रज्ञा मेहता, रोटरी कम्युनिटी ट्रस्ट के अध्यक्ष क्रांति जैन, पूर्व अध्यक्ष प्रीतम गोस्वामी, कोषाध्यक्ष जयंत उपाध्याय, उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह खींची, संजय गोयल उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस पर इनर व्हील क्लब द्वारा सरकारी अस्पताल में चिकित्सकों का सम्मान किया



बढ़ता राजस्थान

**अंता ( नि.स. )।** अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस पर इनर व्हील क्लब द्वारा सरकारी अस्पताल में चिकित्सकों का सम्मान किया गया । क्लब अध्यक्ष रश्मि गोयल और सचिव क्लब अध्यक्ष रश्मि गोयल और सचिव सुरभि खंडेलवाल ने बताया कि चिकित्सकों का मानवता के क्षेत्र में बहुत बड़ा योगदान होता है । अंतरराष्ट्रीय चिकित्सा दिवस के मौके पर अन्ता राजकीय चिकित्सालय में कार्यरत सभी चिकित्सकों का इनर व्हील क्लब की तरफ से सम्मान किया गया । चिकित्सकों का तिलक माल्यार्पण कर मिठाई द्वारा मुंह मीठा कराया गया साथ ही पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सभी को पौधे रूपी भेंट दी गई। कार्यक्रम के दौरान मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सूर्य प्रकाश गर्ग और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हरीश मीणा ने संबोधित करते हुए सभी को मानवीयता का संदेश देते हुए अपने क्षेत्र में कार्य करने की सलाह दी । कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर पारस जैन, डॉक्टर अनीता जैन, डॉक्टर मोनिका कुमारी,डॉक्टर नय्यर अली ,डॉक्टर नरेंद्र कुमार आदि के साथ समस्त चिकित्सक स्टाफ का स्वागत सम्मान किया गया द्यकार्यक्रम में कोषाध्यक्ष रिंकेश मीणा, पूजा जैन ,प्राची गालव,रिंकी मेहता, भारती गौतम,सुमित गोयल आदि का विशेष योगदान रहा ।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# तबादलों के फेर में सत्ताधारी विधायकों में असंतोष

## विधायक पार्टी विरोधी विचारधारा वाले कर्मचारियों की सूची बनाकर सौंप चुके लेकिन तबादले नहीं हुए

## पीड़ा : सत्ता में आए सात महीने हो गए आखिर कर्मचारियों के तबादले कब होंगे?

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** प्रदेश में भाजपा को सत्ता में आए सात माह हो गए लेकिन कांग्रेसी विचारधारा के कर्मचारियों के सीटों पर जमें होने के कारण सत्ताधारी विधायकों के मन में अपनी ही सरकार के खिलाफ असंतोष पनप रहा है। विधायकों ने ढंके छिपे यहां तक दावा किया है कि यदि विधायकों की इच्छानुसार कर्मचारियों के तबादले नहीं हुए तो उपचुनाव में पार्टी को इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

गौरतलब है कि राजस्थान में सत्ता परिवर्तन के बाद आईएएस, आईपीएस और अन्य बड़े अधिकारियों के तबादलों का एक बड़ा दौर पूरा हो चुका है। इससे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का मंत्रिमंडल तो संतुष्ठ हो गया लेकिन अधीनस्थ कर्मचारियों के तबादले अभी नहीं हुए हैं। लिहाजा वे अपनी पुरानी कुर्सियों पर जमे हुए हैं। बीजेपी के विधायकों में सत्ता में आने के सात माह बाद भी अपने फेवर और पार्टी के विचारधारा के कर्मचारियों को खुद के इलाके में नहीं ला पाने की कसक साफ दिखाई दे रही है। वे कहते हैं कि बीजेपी विरोधी विचारधारा वाले कर्मचारियों का हमारी सरकार में क्या काम है। लिहाजा वे अपने इलाके के अपने पंसदीदा कर्मचारियों को लाने के लिए मंत्रियों के पास लगातार डिजायर भेज रहे हैं। वहीं चुन-चुनकर ऐसे कर्मचारियों की सूचियां तैयार कर रहे हैं जिनकी विचारधारा बीजेपी से मेल नहीं खाती है। कई विधायक इन कर्मचारियों की फेहरिस्त मंत्रियों से लेकर सीएम भजनलाल तक पहुंचा चुके हैं। वे बीजेपी विरोधी विचारधारा वाले कर्मचारियों के तबादलों की गुहार लगा रहे हैं लेकिन तबादलों के इतंजार की घड़ियां समाप्त होने का नाम ही नहीं ले रही है।

### कांग्रेस विचारधारा के कर्मचारी भी तैयार हैं

दूसरी तरफ जिन कर्मचारियों की विचारधारा बीजेपी से नहीं मिलती है वे तबादलों के लिए मानसिक रूप से तैयार हैं लेकिन फिर भी जगह का मोह नहीं छूट पा रहा है। सलूम्बर विधायक अमृतलाल मीणा ने तो शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से लेकर सीएम भजनलाल तक अपनी फरियाद पहुंचा दी है। वे ऐसा कोई कर्मचारी नहीं चाहते जो भारतीय आदिवासी पार्टी में आस्था रखता या फिर कांग्रेस में। बिलाड़ा के विधायक अर्जुनलाल गर्ग तो कर्मचारियों की मानसिकता को लेकर दो टूक शब्दों में कह रहे हैं या तो मानसिकता बदलो नहीं तो आपको बदल दिया जायेगा।



### मुद्दा एक ही तबादलें हों

भाजपा विधायकों की सचिवालय से लेकर मंत्रियों के बंगलों तक बस एक ही फरियाद है कि सरकार आए सात महीने हो गए। अब तो अपनों को घर लाओ। कई बार मंत्रीजी को डिजायर हाथ में थमाई तो कई बार सीधे मेल भी किया लेकिन पार नहीं पड़ रही। कर्मचारियों के साथ उनके परिजन विधायकों पर ट्रांसफर के लिए लगातार दबाव बना रहे हैं। इसके साथ पूर्ववर्ती कांग्रेस राज से तुलना की जा रही है जिसमें कथित तौर पर विधायक अपने-अपने इलाके के सीएम हो गये थे।

### ● बीजेपी विचारधारा वाले कर्मचारी वापस घर लौटने का इंतजार में

बीजेपी विधायक को लगता है कि अगर उनको अपने इलाके में अपनी लोकप्रियता बरकरार रखनी है तो अपनों को तो अपने इलाके में लाना ही होगा। वे अधिकांश डिजायर उनकी कर रहे हैं जिनके कांग्रेस राज में तबादलों के कारण घर छूट गए थे। उनकी विचारधारा या तो राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ की है या फिर जिनके परिजन बीजेपी के निष्ठावान कार्यकर्ता रहे हैं। ऐसे कर्मचारी वापस अपने घर लौटने का इंतजार कर रहे हैं।

### ● इधर उपचुनाव से पहले सरकार मधुमक्खि के छाते में हाथ नहीं डालना चाहती

दूसरी तरफ सरकार विधानसभा उपचुनाव से पूर्व तबादलों का काम नहीं करना चाहती है। सरकार को लगता है कि ये मधुमक्खि के छाते के समान है, जिससे उपचुनाव में नुकसान हो सकता है। इसमें संतुष्टि कम और विरोध ज्यादा पैदा होता है।

### ● प्रदेश में 8 लाख कर्मचारी

प्रदेश में करीब साढ़े आठ लाख कर्मचारी हैं। शिक्षा विभाग में साढ़े तीन लाख से ज्यादा शिक्षक हैं। शिक्षा विभाग में तो तबादलों की कहीं सुगबुगाहट तक नहीं दिख रही।

# जयपुर सहित कई जिलों में बारिश : राजस्थान के 4 जिलों में अति भारी बारिश की चेतावनी; जून महीने में 9% कम बरसात



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर सहित राजस्थान के कई जिलों में सोमवार सुबह बारिश हुई। सुबह साढ़े आठ बजे से राजधानी के विभिन्न इलाकों में बूंदाबांदी शुरू हुई, जो जारी है। बांदीकुई (दौसा) में सुबह सवा छह बजे तो बानसूर (अलवर) में सुबह सवा चार बजे के आसपास बरसात शुरू हुई। डूंगरपुर में सुबह 4 बजे से रिमझिम बारिश का दौर जारी है। इससे मौसम सुहावना हो गया है।

राजस्थान में समय से मानसून की एंट्री के बावजूद जून में बारिश का कोटा पूरा नहीं हो सका है। मानसून और प्री-मानसून अवधि में राजस्थान में जून के 30 दिन औसतन 55स्र्रू बरसात होती है। इस बार ये 9 फीसदी कम हुई। राज्य में अब भी तीन जिले ऐसे हैं, जहां मानसून का प्रवेश होना बाकी है। सोमवार को पूर्वी राजस्थान के भरतपुर, अलवर, धौलपुर और दौसा जिलों में अतिभारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

### बारिश में बहने लगी बाइक

बारिश के चलते धौलपुर के बाड़ी कस्बे में सोमवार को तेज बारिश का दौर चला। इस दौरान कहार गली में पानी भर गया। यहां से आधे पुराने शहर का पानी एक नाले के जरिए निकलता है। ऐसे में बारिश के समय यहां पानी का फ्लो सबसे ज्यादा रहता है। सोमवार को हुई बारिश में बहाव तेज होने पर बाइक पानी में बहने लगी। जिसे आसपास के लोगों ने मुश्लिक से रोका।

### कोटा में 2 दिन 5 मगरमच्छों का रेस्क्यू

कोटा में बारिश के बाद मगरमच्छ निकलने की घटनाएं बढ़ी है। वन विभाग की टीम ने 2 दिन में 5 मगरमच्छों का रेस्क्यू किया है। तुलसी रिसोर्ट के पास निर्माणाधीन बिल्डिंग की नींव में 4 फीट लंबा मगरमच्छ मिला। मजदूर नींव का काम करने लगे तो मगरमच्छ को देखकर दहशत में आ गए।

# पुराने कानून औपनिवेशिक मानसिकता के प्रतीक, नए आपराधिक कानूनों में न्याय की भावना : सीएम

## देश में लागू हुए तीन नए आपराधिक कानूनों को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुलिस अधिकारियों की ली बैठक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** देश में एक जुलाई सोमवार से लागू हुए तीन नए आपराधिक कानूनों को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि पुराने आपराधिक कानून औपनिवेशिक मानसिकता के प्रतीक थे। उन्हें अंग्रेजों ने हुकूमत करने के लिए लागू किया था, जबकि नए आपराधिक कानूनों में न्याय की भावना का समावेश किया गया है।

बैठक को संबोधित करते हुए सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि आज देश में नए आपराधिक कानून लागू हो रहे हैं। औपनिवेशिक मानसिकता के प्रतीक पुराने कानून अब अप्रासंगिक हो चुके हैं। अब इन नए कानूनों में भारतीयता की आत्मा को स्थापित किया गया है. भारतीय संविधान की मूल भावना को बल मिला है। पुराने कानून में प्रजा की क्या स्थिति थी, यह उन कानूनों की भाषा से पता चल जाता है। वो कानून विदेशी शासकों ने अपना शासन मजबूत करने के लिए बनाए थे, जिनमें न्याय की कल्पना नहीं थी, बल्कि सजा का प्रावधान किया गया था। उन्हें हुकूमत करनी थी, इसलिए वो कानून बनाए गए थे।

बैठक में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, डीजीपी उत्कल रंजन साहू सहित पुलिस महकमे के कई अधिकारी मौजूद रहे. कमिश्नरेट और रेंज के पुलिस अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए मीटिंग से जुड़े।

### पीएम ने कहा वो करके दिखाया

सीएम के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि गुलामी की मानसिकता से बाहर निकलना जरूरी है। इसके लिए सबसे पहले सैकड़ों साल पहले बने आपराधिक कानूनों को बदलना जरूरी था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कहा, वो करके दिखाया। जनमानस की भावना के अनुरूप नए आपराधिक कानून में न्याय की भावना की व्यवस्था की गई है। इससे आमजन के हितों को बढ़ावा मिलता है।

### प्रतिशोध की बजाए पुनर्वास की भावना

सीएम शर्मा ने कहा कि नए आपराधिक कानूनों में पीड़ित को जल्द न्याय मुहैया करवाने और अपराधी के प्रति प्रतिशोध की भावना के बजाए पुनर्वास की भावना को बल दिया गया है। पहली बार अपराधियों के प्रति करुणा, न्याय और सहानुभूति पूर्ण रवैया अपनाने का लक्ष्य है। युवाओं के लिए ऐसी भावना है कि छोटे-मोटे अपराध के लिए दंड के बजाए सामुदायिक विकास की भावना के विकास पर जोर दिया गया है। उन्हें सुधरने का और समाज की मुख्य धारा में आने का मौका मिलेगा।



### अब समय पर मिलेगा न्याय

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पहले धीमी न्यायिक प्रक्रिया के लिए आलोचना होती थी। यह भी कहा जाता कि देरी से मिलने वाला न्याय अन्याय के समान है। अब नए कानून में समयबद्ध प्रक्रिया निर्धारित की गई है। पुलिस का उत्तरदायित्व होगा कि जांच और मेडिकल जल्द करवाएं। इसमें जल्द आरोप तय करने के प्रावधान किए गए हैं।

### थानों-चौकियों में दी जाए नए कानून की जानकारी

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि नए कानूनों को लेकर जागरूकता अभियान चलाना सराहनीय प्रयास है। नए कानूनों को लेकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक किया जाए। नए कानूनों की जानकारी सभी को हो उसके लिए थानों-चौकियों में बोर्ड लगाकर जानकारी दी जाए।

## इधर, नए कानून के तहत लालसोट में दर्ज हुआ पहला केस -देवर ने की भाभी से थी मारपीट

नए कानून के तहत दौसा जिले के लालसोट थाने में पहला मुकदमा दर्ज किया गया है। यह केस दिल्ली से लालसोट क्षेत्र में अपने ससुराल आई एक विधवा महिला ने दर्ज कराया है। उसने अपनी रिपोर्ट में बताया कि उसके देवर सहित अन्य लोगों ने उसके साथ मारपीट की और उसके घर का सामान बाहर फेंक दिया। इतना ही नहीं उसके साथ अश्लीलता भी की गई। इस पर दौसा के लालसोट थाने में यह मुकदमा संख्या 336/ 2024 दर्ज के रूप में दर्ज किया गया है। इस मामले की शिकायत लेकर पीड़िता जब लालसोट थाने में पहुंची तो उस समय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की वीडियो कॉन्फ्रेंस संपन्न हुई ही थी। पुलिस के अन्य आलाधिकारी भी वहां मौजूद थे। जैसे ही महिला ने शिकायत दी तो भारतीय न्याय संहिता की धारा 115/2, 126/2, 303/2, 74 और 351/2 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

### पहले क्या धारा और अब क्या धारा

पूर्व में आईपीसी के तहत यह मुकदमा धारा 323, 341, 379, 354, 506 का अपराध बनता था। लेकिन भारतीय दंड संहिता की जगह अब भारतीय न्याय संहिता लागू होने से धाराओं में बदलाव हो चुका है। दौसा की एसपी रंजीता शर्मा ने बताया कि दौसा जिले में भारतीय न्याय संहिता के तहत पहला मुकदमा लालसोट थाने में दर्ज हुआ है।

# शराब नीति मामले में के. कविता की जमानत याचिका खारिज : ईडी-सीबीआई ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका का विरोध किया; 15 मार्च को गिरफ्तार हुई थीं



**नई दिल्ली।** शराब नीति से जुड़े भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बीआरएस नेता के. कविता की जमानत याचिका को दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कविता को 15 मार्च को गिरफ्तार किया था। इसके बाद सीबीआई ने उन्हें 11 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। कविता अभी तिहाड़ में बंद हैं। हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने 28 मई को कविता की दो जमानत याचिकाओं पर आदेश सुरक्षित रख लिया था। कविता ने ट्रायल कोर्ट के 6 मई के आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी।

के. कविता की याचिका के विरोध में ईडी-सीबीआई ने कोर्ट में दलीलें दीं कि यह अपराध अंतरराष्ट्रीय स्वभाव का है और आरोपी प्रभावशाली है। मनी लॉन्ड्रिंग जैसे मामले में जमानत देने के लिए सिर्फ उपस्थित होने और सबूतों से छेड़छाड़ न करने की शर्त रखना काफी नहीं है। आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करके आरोपी मनी ट्रेल को गायब कर सकती हैं। इससे जांच और केस का कोई मतलब नहीं रह जाएगा। वहीं सीबीआई ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि आरोपी याचिकाकर्ता को जमानत पर रिहा किया जाता है, तो इस बात की संभावना है कि वह जांच को नाकाम कर देंगी।

# झुंझुनूं में एटीएम काटकर 9 लाख रुपए उड़ाए

## मंडावा में हुई वारदात, सीसीटीवी तोड़े, गैस कटर से काटा

बढ़ता राजस्थान



**झुंझुनूं( नि.स. )।** जिले के मंडावा में रविवार रात बदमाश गैस कटर से एसबीआई का एटीएम काटकर 9 लाख रुपए लूट ले गए। नाइट गश्त कर रही पुलिस टीम को सोमवार तड़के 3 बजे घटना की जानकारी मिली। मामला मंडावा थाना इलाके के रघुनाथजी मंदिर के पास स्थित एटीएम का है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंडावा कस्बे में रघुनाथजी के मंदिर के पास एसबीआई बैंक का एटीएम लगा हुआ है। वारदात के दौरान चोरों ने पहले बैंक के एटीएम को गैस कटर से काटा। इसके बाद एटीएम में रखे करीब 9 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए। एटीएम का आगे का बॉक्स गैस कटर से काटा गया। एटीएम में पानी की काफी बोतलें मिली। इन्हें गैस कटिंग में काम में लिया गया। लुटेरों ने एटीएम के सीसीटीवी कैमरों को पहले ही तोड़ दिया ताकि फुटेज में वारदात कैद नहीं हो सके। रात 1 बजे तक गश्त के दौरान एटीएम में सब ठीक था। दोबारा 3 बजे गुजरे तो वारदात हो चुकी थी। रात एक से तीन बजे के बीच वारदात हुई है। इस दौरान लाइट आ रही थी।

एटीएम रघुनाथजी मंदिर के गेट के बिल्कुल पास है। कुछ ही दूरी पर बैंक है। पुलिस ने बैंक मैनेजर कमल सिंह को मामले की जानकारी दी। बैंक के अधिकारी सोमवार सुबह मौके पर पहुंचे। मैनेजर कमल सिंह ने बताया कि प्राथमिक जानकारी यह है कि एटीएम में लगभग 9 लाख रुपए थे। बाकी जांच के बाद ही सामने आएगा कि कुल कितनी रकम थी।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
● Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
● Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
● 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# फंदे पर लटके मिले 5 लोगों के शव : पड़ोसी बोले-कभी परेशानी का जिक्र नहीं किया

आलीराजपुर (एजेंसी)।

आलीराजपुर में पति-पत्नी और तीन बच्चों के शव फांसी के फंदे पर लटके मिले हैं। घटना आलीराजपुर जिले के सांडवा थाना क्षेत्र के राउड़ी गांव की है। एसपी राजेश व्यास समेत पुलिस के आला अधिकारी मौके पर हैं।

एफएसएल की टीम जिला मुख्यालय से घटनास्थल पहुंची। फॉरेंसिक की प्राथमिक जांच में घटनास्थल पर किसी संघर्ष के निशान नहीं मिले हैं। इससे हत्या की आशंका कम है। पुलिस को अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। पुलिस ने बताया कि राकेश पिता जागर सिंह, उसकी पत्नी ललिता, बेटी लक्ष्मी, बेटा प्रकाश और अक्षय के शव घर में ही फंदे पर लटके मिले। राकेश के चाचा सुबह घर पहुंचे तो इसकी जानकारी लगी। इसके बाद सांडवा थाना पुलिस को सूचना दी गई। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा, एफएसएल जांच रिपोर्ट का इंतजार है। मैं नहीं मानता कि कोई आदिवासी इतना कमजोर हो सकता है।

### रिश्तेदारों ने जताई हत्या की आशंका



पड़ोसियों का कहना है कि राकेश किसान था। उसने या परिवार के किसी सदस्य ने कभी किसी परेशानी का जिक्र नहीं किया। वहीं, रिश्तेदारों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. )
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )